




आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 26 | अंक : 10 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 31 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


## प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 108वें एपिसोड को किया संबोधित

# 'आज भारत का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। पीएम मोदी के मन की बात का यह 108वां एपिसोड था। इस एपिसोड में पीएम मोदी ने कई अहम बातों पर चर्चा की। खासकर उन्होंने युवाओं को फिट रहने का संदेश दिया।

पीएम मोदी ने मन की बात में अपने संबोधन के दौरान लोगों से संवाद किया और कुछ नई और रोचक बातें भी शेयर की। उन्होने शवासियों को नए साल 2024 की शुभकामनाएं दी।

पीएम मोदी ने कहा 108 अंक का बड़ा महत्व है। इसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मनके, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां, यह अंक असीम आस्था से जुड़ा है। इसलिए मन की बात का 108वां एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है। बीते एपिसोड में हमने जनभागीदारी के कई पड़ाव पार किए हैं। हमें अब नई तेजी से नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना है।

पीएम मोदी ने कहा कि इस साल हमने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। देश पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। जी20 का सफल



आयोजन हुआ। आज देश का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है। अगले साल भी हमें इस भावना को बनाए रखना है। आज भी कई लोग मुझे चंद्रयान-3 की सफलता के लिए संदेश भेजते रहे हैं। विशेषकर महिला वैज्ञानिकों की खूब तारीफ करते हैं।

उन्होंने कहा कि नाटू-नाटू ने ऑस्कर जीता को पूरा देश खुश हुआ। इस साल खेलों में भी हमारे एथलीटों ने बढ़िया प्रदर्शन किया। क्रिकेट वर्ल्ड कप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कई खेलों में खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने देश का मान बढ़ाया है।

पीएम मोदी ने कहा भारत के प्रयास से साल 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मनाया गया। इससे इस क्षेत्र में काम करने स्टार्टअप्स को बहुत सारे अवसर मिले हैं। लखनऊ से शुरू हुए कीरोज फूड्स, प्रयागराज के ग्रांड मां मिलेट्स और ऑर्गेनिक इंडिया जैसे स्टार्टअप शामिल हैं। ये स्टार्टअप हेल्दी फूड को लेकर नए-नए इनोवेशन कर रहे हैं। बंगलूरू के अनबॉक्स हेल्थ से जुड़े युवा तो लोगों को उनकी पसंदीदा डाइट चुनने में भी मदद कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा मैं आपको झारखंड के एक आदिवासी गांव के बारे में बताना चाहता हूं। इस गांव में बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने के लिए अनूठी पहल की गई है और बच्चों को कुडुख भाषा में शिक्षा दी जा रही है। कुडुख भाषा उरांव आदिवासी समुदाय की मातृभाषा है और इसकी अपनी लिपि भी है। यह भाषा धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। स्कूल को शुरू करने वाले अरविंद उरांव ने बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाने के लिए यह स्कूल शुरू किया। मातृभाषा में सीखने की वजह से बच्चों के सीखने की गति भी तेज हो गई है।

गुजरात में डायरा की परंपरा है। रात भर हजारों लोग डायरा में शामिल हो करके मनोरंजन के साथ ज्ञान को अर्जित करते हैं। इस डायरा में लोक संगीत, लोक साहित्य और हास्य की त्रिवेणी, हर किसी के मन को आनंद से भर देती है। इस डायरा के एक प्रसिद्ध कलाकार हैं भाई जगदीश त्रिवेदी जी। हास्य कलाकार के रूप में भाई जगदीश त्रिवेदी जी ने 30 साल से भी ज्यादा समय से अपना प्रभाव जमा रखा है। जगदीश साल 2017 से करीब पौने नौ करोड़ रुपये अलग-अलग सामाजिक कार्यों पर खर्च कर चुके हैं। एक हास्य कलाकार अपनी बातों से हर किसी को हंसने पर मजबूर कर देता है लेकिन वो भीतर से कितना संवेदनशील होता है, यह जदगीश त्रिवेदी के जीवन से पता चलता है।

पीएम मोदी ने बताया हमारे देश में हर कालखंड को हमारी विलक्षण बेटियों ने गौरव से भर दिया है। सावित्रीबाई फुले और रानी वेलु नाचियार जी ऐसी ही विभूतियां हैं। सावित्रीबाई फुले ने बेटियों के लिए कई स्कूल शुरू किए और समाज सुधार में योगदान दिया।

# भाजपाईयों ने सुनी मोदी के 'मन की बात'

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के कैंप कार्यालय पर पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, प्रदेश करिकारिणी सदस्य राकेश शर्मा ने सभी कार्यकर्ता बंधुओं के साथ 'मन की बात' का 108 वां संस्करण सुना।

'मन की बात' के 108 वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 108 के सनातनी महत्व को समझाते हुए 'मन की बात' आरंभ की। मोदी ने सभी को 2024 नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा की नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित हुआ जिसकी प्रतीक्षा एक लंबे समय से थी, उन्होंने बताया कि किस प्रकार से जन मानस ने उन्हे अपने संदेशों के माध्यम से भारत को पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बधाई दी हैं।

उन्होंने ने नाटु नाटु को मिले ऑस्कर, खेल जगत मे भारतियों के बढ़ते प्रभाव, 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान की सफलता के लिए देशवासियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि 70000 अमृत सरोवर भी एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने भारत के सामर्थ्य की सराहना करते हुए सभी को एक साथ भारत के विकास मे जुट जाने का संदेश दिया। उन्होंने विकसित भारत के साथ साथ युवाओं को फिट इंडिया अभियान से जुड़ने का आग्रह किया है, नमो एप के माध्यम से मिले सुझावों की भी सराहना की। उन्होंने बताया की 2023 को मिलेट भोजन के रूप मे विश्व भर मे जाना गया और हमे मानसिक स्वास्थ्य के ऊपर





भी ध्यान देना चाहिए, उन्होंने इस दिशा मे कार्य कर रहे अनेक स्टार्ट अप का जिक्र भी किया।

कार्यक्रम मे जिला महामंत्री युवा मोर्चा अनुज शर्मा, नवीन मिश्रा, अर्पित मिश्रा, जितेंद्र सिंह तोमर, प्रवीण चौहान, सत्यम सिंह, सुमित शर्मा, अनिल मास्टर, अशोक यादव, बलराज यादव, भगवत दयाल शर्मा, धर्मवीर शर्मा, रोहित शर्मा, सौरभ यादव, विपिन यादव, दीपकशर्मा, प्रेमराज गिरीश, शिवचरण फौजी, ऋषि तोमर, कपिल धारीवाल, उत्कर्ष मिश्रा, वरुण यादव, विकी दास, रवि वाल्मीकि, किशन बेनीवाल, पंडित इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नए साल के जश्न पर पुलिस-प्रशासन अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शहर में नए साल के जश्न की तैयारियां जोरों पर है। शहर के सेक्टर व सोसायटियों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसकी तैयारियों में आयोजक पिछले कई दिनों से जुटे हुए हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है। डाग स्क्वायड की टीम ने शहर स्थित मॉल, होटल आदि की जांच करने के लिए सर्च अभियान चलाया। टीम ने बीटा दो सेक्टर स्थित कनाट पैलेस, अंसल, ग्रांड वेनिस समेत नामचीन होटलों में पहुंचकर जांच की। शहर के ज्यादातर होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हाल में लोगों ने परिवार व दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए पहले ही बुकिंग कर ली है। वहीं ज्यादातर लोगों ने जश्न का माहौल अपने घरों में ही परिवार के साथ मनाने का फैसला किया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट गौर सिटी सिक्स एवेन्यू, हवेलिया वैलेंसिया होम्स , समेत कई अन्य सोसायटियों में नए साल के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### सोसायटी में होगा मेले का आयोजन

गौर सिटी सिक्स एवेन्यू सोसायटी निवासी अनीता प्रजापति ने बताया कि नए साल के जश्न को लेकर सोसायटी में मेले का आयोजन किया जाएगा। जहां बच्चों संग सोसायटी के लोग लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठा सकेंगे।

सोसायटियों में बच्चों के मनोरंजन के लिए मैजिशियन व विभिन्न प्रकार के खेलों के अलावा झूले आदि की भी अलग से व्यवस्था की गई है। नए साल की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की बच्चों संग महिलाएं नृत्य गायन आदि की प्रस्तुति देंगी।

# यति नरसिंहानंद गिरी को मिला लाखों रुपये का दान

**दादरी (चेतना मंच)।** डासना मंदिर के सुंदरीकरण के लिए मंदिर पीठाधीश्वर ने दादरी क्षेत्र के गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र में भिक्षा अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत उन्होंने शनिवार को बादलपुर व बंबावड गांव में घर-घर जाकर भिक्षा मांगी। लोगों ने उनका स्वागत करते हुए लाखों रुपये का दान दिया। गुर्जर समाज ने डासना शिवशक्ति धाम के सुंदरीकरण के लिए एक करोड़ रुपये की भिक्षा देने का आश्वासन दिया है।

शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने बादलपूर व बंबावड गांव में कल को भिक्षा कार्यक्रम के तहत गुर्जर समाज से भिक्षा मांगी, जिसमें लगभग एक लाख साठ हजार रुपये मिले।

भाजपा नेता व संस्थापक अध्यक्ष गोरक्षा हिंदू दल वेद नागर ने बताया कि लोगों में धर्म के प्रति



इतना उत्साह कभी देखने को नहीं मिला। महिलाओं ने सड़क पर पहुंचकर महाराज का स्वागत किया।

सभी ग्रामीणों ने खुले मन से महाराज का साथ दिया। लोगों ने संकल्प लिया की हम महाराज के साथ रहेंगे व आगे भी जरुरत पड़ने पर सहयोग करेंगे। अनिल मावी ने घोषणा करते हुए कहा कि गुर्जर समाज की ओर से कम से कम एक करोड़ रुपये दान दिए जाएंगे।

आज सादुलापुर गांव में भिक्षा कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर चमन नागर, दीपक नागर, धीरज फौजी, अनिल मावी, मोहित बजरंगी व लखन गुर्जर सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गौतमबुद्धनगर में धारा 144 लागू

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्रशासन ने नए साल के दौरान होने वाले हुड़दंग को लेकर कमर कस ली है। गौतमबुद्ध प्रशासन ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी को जिले में धारा 144 लागू कर दी है।

इसके अनुसार किसी भी जगह 5 से ज्यादा लोग एकत्रित नहीं हो सकते। इसके साथ ही बिना प्रशासन की अनुमति के कोई धार्मिक रैली आदि नहीं निकाली जा सकेगी।

### इन गतिविधियों पर भी रहेगी रोक

- सार्वजनिक जगहों पर अनधिकृत रैली निकालना
- सार्वजनकि जगहों पर धार्मिक सभा आयोजन करना
- सार्वजनिक जगहों पर शराब पीना
- इस दौरान सरकारी प्रतिष्ठानों के आसपास प्राइवेट ड्रोन के इस्तेमाल पर भी रोक रहेगी
- अन्य इलाकों में भी ड्रोन उड़ाने के लिए पुलिस की परमिशन की जरूरत होगी।

### धारा 144 अब हुई धारा 187

गौरतलब है कि बीते सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन संशोधन विधेयकों को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही अब भारतीय दंड संहिता आईपीसी (1860) अब भारतीय न्याय संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता सीआरपीएफ (1898) अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। इसी के तहत अब अपराधों की धाराएं भी बदल गई हैं। इसमें धारा 144 भी आती है जो 5 से ज्यादा लोगों को एक जगह पर इकट्ठा होने से रोकती है। अब यह धारा 187 हो गई है।

# मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-58 क्षेत्र में कल देर रात पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने पैर में गोली लगने से घायल दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों को उपचार के जिला अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के कब्जे से लूट के नौ मोबाइल, स्पलेंडर बाइक, दो तमंचा समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।

एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि घायल बदमाशों की पहचान गाजियाबाद की खोड़ा कालोनी के अनिकेत और सेक्टर-55 के अंशुल यादव के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ अलग-अलग थाने में लूट और चोरी के आठ मुकदमे दर्ज हैं।

एसीपी ने बताया कि शनिवार देर रात पुलिस की टीमें सेक्टर-57 रेड लाइट के पास गश्त कर रही थीं। इसी दौरान रेड लाइट से जाने वाली सर्विस रोड पर शौचालय के पास से एक बाइक पर सवार होकर



दो युवक गुजरे। संदिग्ध लगने पर पुलिस की टीम ने जब दोनों को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगे।

पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस की टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। बीते दो दिन में बदमाशों ने गाजियाबाद और नोएडा में राहगीरों से आठ मोबाइल लूटे हैं। बदमाशों के पास से बरामद तमंचे के बारे में भी जानकारी की जा रही है।

बदमाशों ने नोएडा में बोटेनिकल गार्डेन, गिझोड़, सेक्टर-65, सेक्टर-63, सेक्टर-65 व सेक्टर-60 से मोबाइल लूटे हैं। पुलिस लुटेरों के अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# नोएडा में पुलिस ने लागू किया ट्रैफिक डायवर्जन

**नोएडा (चेतना मांच)।** नववर्ष की संध्या पर आज शाम चार बजे से देर रात तक नोएडा, ग्रेटर नोएडा के प्रमुख शापिंग मॉल, बाजार के पास ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। सेक्टर-28ए स्थित जीआइपी मॉल, गार्डन गलेरिया, सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ के अलावा सेंटर स्टेज, मोदी, लाजिक्स, स्पेक्ट्रम, स्काईवन, स्टार्लिंग, गौर, अंसल, ग्रैंड वेनिस शापिंग मॉल, बाजारों के पास ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा।

डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार का कहना है कि अगर किसी ने ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं किया तो सख्त एक्शन लिया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस विभिन्न जगह जगह ड्रंक एंड ड्राइव की जांच के लिए नाके लगाएगी। रेड लाइट जंप करने वालों पर, ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर, ओवरस्पीडिंग और एक बाइक पर तीन लोगों के बैठने और किसी भी ट्रैफिक नियम की अनदेखी करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा।

सेक्टर-18 बिजलीघर तिराहे से 18 की ओर कोई वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। मार्ग को केवल सेक्टर-18 से बाहर निकलने वाले के लिए खोला जाएगा। चालक अपने




वाहन सेक्टर-18 मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ा कर जा सकेंगे।

अट्टापीर चौक से होकर आने वाले वाहन एचडीएफसी बैंक कट से मल्टी लेवल पार्किंग में जा सकेंगे। नर्सरी तिराहा से अट्टा चौक, मेट्रो स्टेशन सेक्टर-18 की ओर व मेट्रो स्टेशन सेक्टर-18 से अट्टा पीर की ओर जाने वाले मार्ग को नो पार्किंग क्षेत्र बनाया गया है। नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने पर ई-चालान, प्रवर्तन की कार्रवाई की जाएगी।

गुरुद्वारा ऐक्टर-18 के आगे एफओबी से पहले व बाद में सेक्टर-18 में जाने वाले दोनों कटों को बंद किया जाएगा। मेट्रो सेक्टर-18 के नीचे से सेक्टर-18 की ओर जाने वाले मार्ग को बंद किया जाएगा। इस कट से सेक्टर-18 से निकलने वाले वाहनों के लिए ही खोला जाएगा।

सेक्टर-18 मोजेक होटल के दोनों ओर बने कटों को बंद रखा जाएगा। इन कटों कट को सेक्टर-18 से निकलने वाले वाहनों के लिए ही खोला जाएगा। रेडिसन तिराहा से मल्टी लेवल पार्किंग की ओर वाहन जा सकेंगे वाहन चालक पार्किंग में अपना वाहन खड़ा कर गंतव्य को जा सकेंगे।

सोमदत्त टावर से सेक्टर-18 चौकी की तरफ कोई वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। वाहन चालक सोमदत्त टावर के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में अपना वाहन खड़ा कर गंतव्य को जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर सेक्टर-17, 18 नलकूप तिराहा से नर्सरी तिराहा की ओर मार्ग बंद किया जाएगा।

एचडीएफसी बैंक के निकट कबाब फैक्ट्री से मल्टी लेवल पार्किंग में वाहन जा सकेंगे। सोमदत्त टावर से ईबोनी चौक की ओर कोई वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। सेक्टर-18 बिजलीघर तिराहे से से 18 की ओर कोई वाहन नहीं जाने दिया जाएगा।

### सड़क पर वाहन खड़ा करने पर होगी कार्रवाई

किसान चौक, जगतफार्म, परीचौक, कासना के पास सार्वजनिक मार्गों पर वाहन खड़ा करने सीज की कार्रवाई होगी। नशीला, मादक द्रव्य का सेवन कर वाहन चलाने वालों के ड्रंकन ड्राइविंग अभियान चलाया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए ब्रेथ एनालाइजर से चेक कर चालानी की कार्रवाई की जाएगी।




# जंगल की हवा

हिमाचल में निवेश की दरख्वास्त पर पहरे सख्त हैं, जमीन की आबरू में जंगल की हवा भ्रष्ट है। परियोजनाओं के शृंगार में कमोबेश हर सरकार की कसौटियां यह तय नहीं कर पातीं कि आखिर इरादों को जमीं पर उतारने की जमीन है कहां और कौनसे नियम-कानून बाधक हैं। कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने का संकल्प कई महीनों से पैमाइश कर रहा है, लेकिन अधिकांश परियोजनाएं कहीं न कहीं प्रस्तावित जमीन पर उलझ रही हैं। इसी से राजनीतिक वैमनस्य तथा सूझबूझ के बीच वर्षों से मुकाबला चल रहा है और अक्सर ऐसी जगह पर तंबू गाड़ दिए जाते हैं, जहां परियोजनाओं का औचित्य ही पूरा नहीं होता। उदाहरण के लिए पर्यटन गांव के लिए पहले धर्मशाला में नरघोटा की वही जमीन खोजी गई, जहां हिमुडा ने उपग्रह शहर बनाने की एक पूरी परियोजना अंतिम चरण तक पहुंचा दी थी। अब यही पर्यटक गांव पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय परिसर की उपलब्ध जमीन पर बसाने की तैयारी है। पहले ही कृषि विश्वविद्यालय की जमीन पर हेलिपोर्ट के लिए भूमि तय है और अगर अनुसंधान-अध्ययन की मिलकीयत से पर्यटक गांव की निशानदेही हो जाती है, तो यह अपनी तरह का अजूबा होगा। हिमाचल का किरदार भी कितना अजीब है और कुछ पाने के लिए सदियां खोने के लिए तैयार हो जाता है। सोचना यह होगा कि शिक्षा संस्थान की प्रासंगिकता बढ़ाई जाए या एक इमारत मान कर पर्यटन गांव की बाउंड्री कृषि विश्वविद्यालय में लगाई जाए। सरकार के राजनीतिक सलाहकारों और खास तौर पर कांगड़ा की ओर से सलाहकारों को अगर टूरिज्म कैपिटल के जुनून में केवल अपनी डफली बजानी है, तो भी इतना सुरूर ठीक नहीं कि बहते दरियाओं को रेगिस्तान बना दिया जाए। एक ओर जमीन के लिए दर-दर की ठोकरें खाता पर्यटन गांव अब कृषि विश्वविद्यालय से भिक्षा मांग रहा है, जबकि दूसरी ओर तमाम स्वीकृतियों और बजट की अनुमतियों के बावजूद केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर पर सरकार की नीयत पर लोगों को शक होने लगा है। लगभग एक साल से सरकार को तीस करोड़ जमा करवा कर इस भूखंड पर विश्वविद्यालय की नींव को आश्वस्त करना है, लेकिन कांगड़ा के सलाहकारों के लिए ऐसी पैरवी के लिए दो शब्द भी उपलब्ध नहीं हुए। इस दौरान अतिक्रमणकारियों के पांव तले जमीन का किसी को अंदाजा नहीं। योजनाएं-परियोजनाएं केवल वोट के ग्राहक ढूंढती रहीं और शहर ने खुद को खो दिया। ऐसा नहीं है कि पालमपुर में पर्यटक गांव को जमीन ही नहीं मिलेगी, लेकिन हमने विकास का आंगन जंगल को दे दिया। जंगलों के प्रदेश में जमीन पर डाका ऐसा कि हर कदम को ठोकर लगती है। उसके ऊपर भी तुर्रा यह कि जहां जंगल में हमने अपना प्राकृतिक रिश्ता खो दिया, वहां प्रदेश के 70 फीसदी हिस्से पर हमारा अपना कोई नियंत्रण और निमंत्रण नहीं। हमने राजस्थान की प्यास बुझाने के लिए पूरी हलदूण घाटी डुबो दी, लेकिन बदले में मिले अन्याय के दंश झेल रहे हैं। बांध के बाद पिछली बरसात में परियोजना ने बिना बताए गेट खोलकर जिन इलाकों की खेती और जीने के सुकून को छीन लिया, वहां अब फिर एक नई शिनाख्त शुरू हो गई। पौंग के किनारे बसे गांवों को ईको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित करने की मुनादी का असर यह है घर का चूल्हा और गांव का बेहड़ा अपनी मौलिकता में जीने की हवा खोने लगा है। हिमाचल की अपनी जरूरतें, तरक्की और आत्मनिर्भरता के रास्ते, विकास और अर्थव्यवस्था के तमाम विकल्पों पर हमारी ही जमीन हमारी दुश्मन बन बैठी है। कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, मंडी, चंबा व सिरमौर के कई ऐसे इलाके भी वन भूमि में आ चुके हैं, जहां भविष्य का हिमाचल सांसें ले सकता है। मैदानी क्षेत्रों की वनों के तहत आई जमीन की वापसी के लिए संघर्ष नहीं होता है, तो आगे बढने के तमाम रास्ते केवल सियासी चुगलबाजी ही करेंगे। आज पर्यटन गांव के लिए कृषि विश्वविद्यालय से खेत छीन कर जमीन की आपूर्ति कर भी लें, तो कल अन्य परियोजनाओं के लिए क्या करेंगे। प्रदेश की आर्थिकी और नागरिक जरूरतों के हिसाब से नई बस्तियों, बाजारों, खेल-व्यापारिक मैदानों, उद्योग क्षेत्रों, मनोरंजन पार्कों, कनेक्टिविटी और नए शहरों के लिए जितनी भूमि की आवश्यकता है, वह केवल जंगल में उपलब्ध है। प्रदेश में अगर जंगल और सामान्य एवं सार्वजनिक भूमि की दर पचास-पचास प्रतिशत की सीमा तक कर दी जाए, तो भी अतिरिक्त जमीन से यह प्रदेश आत्मनिर्भरता के कदम उठा सकता है, वरना विकास का हर इश्तिहार केवल राजनीति ही करेगा।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उस समय पवनपुत्र हनुमानजी पवन ( पंख ) करने लगे। उनका शरीर पुलकित हो गया और नेत्रों में ( प्रेमाश्रुओं का ) जल भर आया। ( शिवजी कहने लगे- ) हे गिरिजे! हनुमानजी के समान न तो कोई बड़भागी है और न कोई श्री रामजी के चरणों का प्रेमी ही है, जिनके प्रेम और सेवा की ( स्वयं ) प्रभु ने अपने श्रीमुख से बार-बार बड़ाई की है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0- तेहिं अवसर मुनि नारद आए करतल बीन।**
**गावन लगे राम कल कीरति सदा नबीन॥**

उसी अवसर पर नारदमुनि हाथ में वीणा लिए हुए आए। वे श्री रामजी की सुंदर और नित्य नवीन रहने वाली कीर्ति गाने लगे॥

**मामवलोकय पंकज लोचन। कृपा बिलोकनि सोच बिमोचन॥**
**नील तामरस स्याम काम अरि। हृदय कंज मकरंद मधुप हरि॥**

कृपापूर्वक देख लेने मात्र से शोक के छुड़ाने वाले हे कमलनयन! मेरी ओर देखिए (मुझ पर भी कृपादृष्टि कीजिए) हे हरि! आप नीलकमल के समान श्यामवर्ण और कामदेव के शत्रु महादेवजी के हृदय कमल के मकरन्द (प्रेम रस) के पान करने वाले भ्रमर हैं॥

**जातुधान बरूथ बल भंजन। मुनि सज्जन रंजन अघ गंजन॥**
**भूसुर ससि नव बृंद बलाहक। असरन सरन दीन जन गाहक॥**

आप राक्षसों की सेना के बल को तोड़ने वाले हैं। मुनियों और संतजनों को आनंद देने वाले और पापों का नाश करने वाले हैं। ब्राह्मण रूपी खेती के लिए आप नए मेघसमूह हैं और शरणहीनों को शरण देने वाले तथा दीन जनों को अपने आश्रय में ग्रहण करने वाले हैं॥

**भुज बल बिपुल भार महि खंडित। खर दूषन बिराध बध पंडित॥**
**रावनारि सुखरूप भूपबर। जय दसरथ कुल कुमुद सुधाकर॥**

अपने बाहुबल से पृथ्वी के बड़े भारी बोझ को नष्ट करने वाले, खर दूषण और विराध के वध करने में कुशल, रावण के शत्रु, आनंदस्वरूप, राजाओं में श्रेष्ठ और दशरथ के कुल रूपी कुमुदिनी के चंद्रमा श्री रामजी! आपकी जय हो॥

**सुजस पुरान बिदित निगमागम। गावत सुर मुनि संत समागम॥**
**कारुनीक ब्यलीक मद खंडन। सब बिधि कुसल कोसला मंडन॥**

आपका सुंदर यश पुराणों, वेदों में और तंत्रादि शास्त्रों में प्रकट है! देवता, मुनि और संतों के समुदाय उसे गाते हैं। आप करुणा करने वाले और झूठे मद का नाश करने वाले, सब प्रकार से कुशल (निपुण) श्री अयोध्याजी के भूषण ही हैं॥ क्रमशः

# कट्टरपंथी मुस्लिम शरणार्थियों से यूरोप में बढ़ी मुसीबतें

यूरोपीय यूनियन के सदस्य देश लोकतांत्रिक, मानवाधिकारों की वकालत और उदारवादी चेहरा दिखाने के कारण मुस्लिम शरणार्थियों के कारण मुसीबत में फंस गए हैं। शरण लेने वाले मुस्लिम शरणार्थियों पर कट्टरपन हावी है। इन देशों के कानून मानने के बजाए शरणार्थी अपराधों में शामिल होने के साथ ही इस्लामी शासन की पैरवी कर रहे हैं। यही वजह है कि न सिर्फ युरोपीय यूनियन बल्कि उसके कुछ देशों ने साफ तौर पर मुसलमानों से देश छोड़ कर चले जाने को कहा है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने इस्लामिक संस्कृति को लेकर कहा कि यूरोप में इसके लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लामी संस्कृति और हमारी सभ्यता के मूल्यों और अधिकारों के बीच कोई समानता नहीं है और यह एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि इटली में इस्लामी सांस्कृतिक केंद्रों को सऊदी अरब फंड देता है, जहां शरिया लागू है। यूरोप में हमारी सभ्यता के मूल्यों से बहुत दूर इस्लामीकरण की एक प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि वह शरणार्थी सिस्टम में ग्लोबर रिफॉर्म पर जोर देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि शरणार्थियों की बढ़ती संख्या का खतरा यूरोप के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है।

मेलोनी की तरह ही नीदरलैंड का प्रधानमंत्री बनते ही इस्लाम विरोधी नेता गीर्ट विल्डर्स ने उन मुसलमानों से देश छोडने का आह्वान किया कि जो धर्मनिरपेक्ष कानूनों से अधिक कुरान को महत्व देते हैं। विल्डर्स ने तो यहां तक कह दिया कि हिन्दुओं का समर्थन करूंगा जिन पर केवल हिंदू होने के कारण बांग्लादेश, पाकिस्तान में हमला किया जाता है या मारने की धमकी दी जाती है या फिर मुकदमा चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरे पास नीदरलैंड के सभी मुसलमानों के लिए एक संदेश है जो हमारी स्वतंत्रता, हमारे लोकतंत्र और हमारे मूल मूल्यों का सम्मान नहीं करते हैं, जो कुरान के नियमों को हमारे धर्मनिरपेक्ष कानूनों से अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। विल्डर्स ने कहा कि मुसलमानों की संख्या 7 लाख हैं और मेरा उन्हें संदेश है, बाहर निकलो। किसी इस्लामिक देश के लिए निकल जाओ। फिर, आप इस्लामी नियमों का आनंद ले सकते हैं। ये उनके नियम हैं, लेकिन हमारे नहीं हैं। शरणार्थियों की समस्या से गले तक भर चुके यूरोपीय देशों ने अब इस समस्या के समाधान के लिए नया समझौता किया है।

यूरोपीय संघ और सदस्य देशों ने प्रवासन और प्रश्रय पर नए समझौते के जरिए अपनी प्रवासन नीति में सुधार करने का फैसला किया है। इसके तहत अनियमित रूप से आ रहे लोगों की त्वरित जाँच, सीमा पर डिटेंशन सेंटर बनाना और आवेदन अस्वीकृत होने पर शरणार्थियों को देश से बाहर करना आदि सुधार के रूप में शामिल है। हालाँकि अभी भी 27 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूरोपीय परिषद और यूरोपीय संसद द्वारा औपचारिक रूप से समझौते को मंजूरी देने की आवश्यकता है। जिसके बाद ही यह संभवतः वर्ष 2024 में ब्लॉक की कानूनी प्रक्रियाओं में शामिल हो पाएगा। गौरतलब है कि साल 2011 में सीरिया में शुरू हुए गृहयुद्ध के बाद लाखों सीरियाई और पड़ोसी मुल्कों से लोग भागकर यूरोप की शरण में आए थे। तभी यूरोपियन यूनियन ने वादा किया कि वो अपने देशों में लगभग 2 लाख रिफ्यूजियों को रखेगा। ग्रीस, इटली और फ्रांस में उस समय सबसे ज्यादा लोग भरे हुए थे। बाकी देश भी लोगों को स्वीकार करने लगे। इसके विपरीत पोलैंड की सरकार ने कहा था कि शरणार्थियों को रखना यानी अपनी ही तबाही के लिए बम फिट कर लेना है।

पोलैंड का यह दृष्टिकोण फ्रांस और दूसरे देशों में सही साबित हुआ। एक मुस्लिम की युवक की मौत के बाद फ्रांस में जबरदस्त दंगे भड़क उठे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पेरिस में चेकिंग के दौरान नाहेल को पुलिस ने गोली मार दी थी। इस घटना में नाहेल की मौत हो गई थी। पुलिसकर्मियों का इस मामले पर कहना था कि लड़के के पास गाड़ी चलाने का लाइसेंस नहीं था। चेकिंग के दौरान लड़के ने वाहन से ट्रैफिक पुलिस को कुचलने का प्रयास किया जिसके बचाव में लड़के को गोली मारी गई। इससे भड़की हिंसा की आग में फ्रांस कई दिनों तक जलता रहा। यूरोपियन इस्लामोफोबिया रिपोर्ट 2022 के मुताबिक पूरे यूरोप में इस्लाम के खिलाफ भावना तेजी से बढ़ रही है। यूरोपीय सरकारें इस्लाम और मुस्लिमों के खिलाफ क्रैकडाउन चला रहीं हैं। मस्जिदें बंद की जा रहीं हैं। इस्लामिक संगठनों पर नकेल कसी जा रही है। फ्रांस और ऑस्ट्रिया की सरकारों ने कट्टरवाद के खिलाफ अभियान के बहाने मस्जिदें बंद करवा दीं। स्विट्जरलैंड में नई मीनारों के निर्माण पर रोक लगा दी गई। डेनमार्क में अप्रवासी मुस्लिमों को हर हफ्ते 35 घंटे सिर्फ देश की संस्कृति और परंपराएं सिखाई जातीं हैं। ऑस्ट्रिया और फ्रांस में इस्लामिक अलगाववाद और पॉलिटिकल इस्लाम को परिभाषित किए बिना ही इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बता दिया गया है। धार्मिक कट्टरपन और दूसरे देशों के कानून को नहीं मानने के कारण आने वाले वक्त में मुसलमानों को ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।



**पोलैंड का यह दृष्टिकोण फ्रांस और दूसरे देशों में सही साबित हुआ। एक मुस्लिम की युवक की मौत के बाद फ्रांस में जबरदस्त दंगे भड़क उठे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पेरिस में चेकिंग के दौरान नाहेल को पुलिस ने गोली मार दी थी। इस घटना में नाहेल की मौत हो गई थी।**

**- योगेन्द्र योगी**

# धार्मिक पर्यटन एवं उत्पादों का उपभोग भारत के आर्थिक विकास को दे रहा गति

भारत के आर्थिक विकास की रफ्तार को गति देने में कुछ राज्यों का योगदान तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही के समय में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, गुजरात एवं राजस्थान जैसे राज्यों की आर्थिक विकास की गति तेज हुई है, जिससे यह राज्य भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का बनाने में विशेष योगदान देते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, एवं कर्नाटक जैसे कुछ अन्य राज्यों का योगदान भी नकारा नहीं जा सकता है, परंतु इन राज्यों के आर्थिक विकास की दर तुलनात्मक रूप से कुछ स्थिर सी रही है अथवा कुछ कम हुई है।

समस्त राज्यों के बीच तमिलनाडु एवं गुजरात राज्यों को पीछे धकेलते हुए उत्तरप्रदेश अब भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। भारतीय अर्थव्यस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 9.2 प्रतिशत का हो गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार आज 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का हो गया है। इसमें महाराष्ट्र राज्य का हिस्सा 15.7 प्रतिशत है। उत्तरप्रदेश राज्य का हिस्सा 9.2 प्रतिशत, तमिलनाडु राज्य का 9.1 प्रतिशत, गुजरात राज्य का 8.2 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल राज्य का 7.5 प्रतिशत है। देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर पूर्वी राज्यों एवं जम्मू कश्मीर के बाद बिहार का भी काफी कम योगदान अर्थात केवल 3.7 प्रतिशत दिखाई पड़ता है, जबकि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ के आसपास है। बिहार को आर्थिक विकास की दृष्टि से आज भी पिछड़ा राज्य कहा जा रहा है। पूर्व के बीमारु राज्यों की श्रेणी से उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान राज्य बाहर आ चुके हैं जबकि बिहार राज्य आज भी इसी श्रेणी में अटका हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में महाराष्ट्र राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 41,720 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, तमिलनाडु राज्य का आकार 27,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, गुजरात राज्य का आकार 26540 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, उत्तरप्रदेश राज्य का आकार 26,510 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, कर्नाटक राज्य का आकार 26,350 करोड़ अमेरिकी डॉलर था और पश्चिम बंगाल राज्य का आकार 18,310 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। पिछले कुछ वर्षों से चूंकि उत्तरप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था की विकास दर सबसे तेज बनी हुई है अतः आज उत्तरप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार भारत में दूसरे स्थान पर आ गया है। उत्तरप्रदेश ने अपने राज्य की अर्थव्यवस्था के आकार को वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जबकि, महाराष्ट्र भी अपने राज्य को वर्ष 2028 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहता है। इस दृष्टि से अब उत्तरप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों के बीच इस संदर्भ में आपस में प्रतियोगिता चल रही है।

महाराष्ट्र राज्य की जनसंख्या 11 से 12 करोड़ के बीच है जबकि उत्तरप्रदेश राज्य की जनसंख्या 20 करोड़ के आसपास है। इस दृष्टि से उत्तरप्रदेश राज्य लाभप्रद स्थिति में दिखाई दे रहा है क्योंकि विभिन्न उत्पादों के उपभोग की अधिक गुंजाइश उत्तरप्रदेश राज्य में हैं एवं देश में आज उत्तरप्रदेश राज्य तेजी से विनिर्माण क्षेत्र का हब बनता जा रहा है तथा उत्तरप्रदेश राज्य में धार्मिक पर्यटन भी बहुत तेज गति से विकसित हो रहा है। विशेष रूप से अयोध्या, वाराणसी, मथुरा जैसे धार्मिक पर्यटन स्थलों का विकास न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन को भी आकर्षित करता दिखाई दे रहा है। इससे उत्तरप्रदेश राज्य में रोजगार के नए अवसर भी भारी मात्रा में निर्मित हो रहे हैं। अतः उत्पादों के उपभोग के मामले में उत्तरप्रदेश राज्य के साथ किसी भी अन्य राज्य की प्रतियोगिता हो ही नहीं सकती हैं। आज उत्तरप्रदेश राज्य के नागरिक रोजगार हेतु अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हुए नहीं दिखाई दे रहे हैं क्योंकि उत्तरप्रदेश राज्य में ही रोजगार के पर्याप्त नए अवसर निर्मित होने लगे हैं। उत्तरप्रदेश राज्य में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज राज्य सरकार भी भारी मात्रा में पूंजी निवेश कर रही है।

निर्यात के क्षेत्र में भी उत्तरप्रदेश राज्य नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उत्तरप्रदेश राज्य के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016-17 में उत्तरप्रदेश राज्य से 84,000 करोड़ रुपए की राशि का निर्यात किया गया था जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में दुगना होकर 174,000 करोड़ रुपए का हो गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उत्तरप्रदेश राज्य ने 2 लाख करोड़ रुपए की राशि का निर्यात करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उत्तरप्रदेश राज्य से सबसे अधिक निर्यात किए जाने वाले उत्पादों में इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, दूरसंचार उपकरण, कृत्रिम फाइबर, गेहूं, चावल, कपास, कालीन एवं हस्तशिल्प जैसे उत्पाद शामिल हैं।

दूसरे, उत्तरप्रदेश राज्य आज भारत का तीसरा सबसे बड़ा टेक्स्टायल उत्पादन करने वाला राज्य भी बन गया है। राष्ट्रीय उत्पादन में उत्तरप्रदेश राज्य का योगदान बढ़कर 13.24 प्रतिशत हो गया है। उत्तरप्रदेश राज्य में आज 250,000 लाख के आसपास हैंडलूम बुनकर एवं 421,000 पावरलूम बुनकर कार्य कर रहे हैं। चूंकि कपड़ा उद्योग कम पूंजी निवेश के साथ अधिक मानवीय आधारित उद्योग है, अतः इस क्षेत्र में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। साथ ही, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में रक्षा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण कलस्टर एवं लखनऊ उन्नाव कानपुर क्षेत्र में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कलस्टर भी स्थापित किये जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा कई प्रकार के प्रोत्साहन भी दिए जा रहे हैं।

विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं में प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2022-23 के आर्थिक सर्वेक्षणों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इन प्रदेशों की अनुमानित आर्थिक प्रगति की दर को दर्शाया गया है। उत्तरप्रदेश में वित्तीय वर्ष 2022-23 में आर्थिक प्रगति की दर 16.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है, इसी प्रकार मध्यप्रदेश में 16.34 प्रतिशत, राजस्थान में 16.4 प्रतिशत, गुजरात में 15.5 प्रतिशत, तेलंगाना में 15.6 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 6.8 प्रतिशत, तमिलनाडु में 8.19 प्रतिशत, बिहार में 9.7 प्रतिशत, कर्नाटक में 7.9 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। कुल मिलाकर भारत के समस्त प्रदेशों के बीच उत्तरप्रदेश राज्य आज आर्थिक विकास की दौड़ में सबसे आगे दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक जैसे कुछ अन्य राज्य भी विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन राज्यों की आर्थिक नीतियां देशी एवं विदेशी निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। इस प्रकार यह समस्त राज्य मिलकर भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर ले जाने में अपनी पूरी शक्ति का उपयोग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यदि बिहार जैसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं तेलंगाना की तर्ज पर एवं पंजाब, जम्मू कश्मीर एवं उत्तर पूर्वी राज्य जैसे अन्य छोटे राज्य भी अपने राज्यों में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाने में सफल होते हैं तो शीघ्र ही भारत की आर्थिक विकास की दर को 10 प्रतिशत के पार पहुंचाया जा सकता है।





**उत्तर प्रदेश राज्य आज भारत का तीसरा सबसे बड़ा टेक्स्टायल उत्पादन करने वाला राज्य भी बन गया है। राष्ट्रीय उत्पादन में उत्तरप्रदेश राज्य का योगदान बढ़कर 13.24 प्रतिशत हो गया है। उत्तरप्रदेश राज्य में आज 250,000 लाख के आसपास हैंडलूम बुनकर एवं 421,000 पावरलूम बुनकर कार्य कर रहे हैं।**


**- प्रहलाद सबनानी**


# राशिफल

पौष कृष्ण-चतुर्थी | ( विक्रम संवत् 2080 )


**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
खट्टा-मीठा बना रहेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी।



**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम-संतान में थोड़ी दूरी बनी रहेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी।



**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम संतान के के साथ अच्छी स्थिति बने रहने के बावजूद भी दूरी बनी रहेगी।



**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ समय कहा जाएगा।



**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी लेकिन मन चिंतित रहेगा। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है।


**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कुछ नए साधन से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।


**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा, स्वास्थ्य मध्यम।


**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
भाग्य बस कुछ काम बनेंगे, यात्रा में लाभ होगा, धार्मिक बने रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम संतान की स्थिति मध्यम रहेगी



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वाहन धीरे चलाएं। किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो इससे सावधानी बरतें।


**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।


**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक हो जाएंगे। स्वास्थ्य नरम गरम, प्रेम संतान मध्यम।


**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। प्रेम संतान लगभग ठीक रहेगा। व्यापार भी ठीक है। लाल वस्तु पास रखें।

# प्राधिकरण कार्यालय पर धावा बोलने के लिए तैयार किसान सभा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में शनिवार को किसान सभा की बैठक में एक बड़ा ऐलान किया गया। नोएडा के जैतपुर गांव में आयोजित अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक में घोषणा की गई कि किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन के तहत 10 जनवरी को जेवर टोल प्लाजा को टोल फ्री किया जाएगा तथा इसके बाद 22 जनवरी को प्राधिकरण कार्यालय पर आंदोलन किया जाएगा।

नोएडा के गांव जैतपुर ऑफिस में आयोजित हुई मीटिंग की अध्यक्षता बाबा नेतराम ने की। किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने 26 दिसंबर 2023 को प्राधिकरण बोर्ड से पास हुए प्रस्तावों के संबंध में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया कि किसान सभा और प्राधिकरण के बीच 12 सितंबर को समझौता हुआ था जिसको लिखित में अंतिम रूप 16 सितंबर को दिया गया था। समझौते के अनुसार 10 प्रतिशत आबादी प्लाट, नई खरीद से प्रभावित किसानों को 20त्न विकसित प्लाट एवं रोजगार, भूमिहीनों को वेंडिंग जोन में आरक्षण के लाभ दिए जाने का प्रस्ताव पास किया गया है। 10 प्रतिशत आबादी प्लाट एवं प्रोजेक्ट अफेक्टेड फैमिली के प्रस्ताव को शासन स्तर पर अनुमोदन के लिए भेजा गया है।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण को अपने वादे के अनुसार 31 अक्टूबर तक बोर्ड बैठक से उक्त प्रस्ताव पास करने थे, परंतु प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक दो महीने लेट कर दी। आम चुनाव में केवल 2 महीने बचे हैं, आम चुनाव में ज्यादा वक्त नहीं है इसलिए प्राधिकरण को 10 प्रतिशत आबादी प्लाट के अनुमोदन के लिए 21 जनवरी तक का समय दिया जाता है यदि प्राधिकरण ने प्रस्ताव का अनुमोदन शासन से नहीं कराया तो किसान सभा प्राधिकरण का अनिश्चितकाल के लिए घेराव करेगी।

इस अवसर पर मोनू मुखिया, सतीश यादव, सुरेंद्र भाटी, नितिन प्रधान, अजब सिंह, नेताजी टीकम नागर, भगत सिंह चेची, संदीप भाटी, रंगीलाल भाटी, नितिन चौहान, राकेश भाटी, मनवीर भाटी, भोजराज रावल, सरदार सिंह, मुकेश महेंद्र सिंह, संजय नागर, राजवीर सिंह, विकास यादव, बादल यादव, गबरी मुखिया, सतीश गोस्वामी, भोला यादव, धीरज भाटी, सुरेश यादव, महेश चंद्र प्रजापति, रवि प्रजापति, शेखर प्रजापति, चरण सिंह, मदन सिंह, दयानंद, गजेंद्र, प्रमोद, पदम सिंह, रविंद्र, टीटू भाटी, प्रदीप यादव, नरेंद्र यादव, दिनेश यादव, संजय यादव, अशोक भाटी बरौंडा, प्रशांत भाटी, शिशांत भाटी, मोहित नागर, मुकेश खेड़ी, अजब सिंह भाटी, देवेंद्र यादव, एमपी यादव, बाबा संतराम, अमित भाटी, सुरेंद्र यादव, सरजीत सिंह यादव, निरंकार सिंह, प्रधान जगबीर नंबरदार, सतबीर यादव, हेमराज, सरोज देवी, आशा देवी, गीता, पूनम, जोगेंद्री, ईश्वर, कालीचरण, निशांत रावल, डॉक्टर फकीरचंद संदीप भाटी उपस्थित रहे।

### गांवों में जाकर होगी प्रदर्शन की तैयारी

किसान सभा के युवा नेता प्रशांत भाटी ने जेवर टोल को किसानों के लिए फ्री करने के वास्ते आंदोलन करने का प्रस्ताव रखा जिसे सभी ने सर्वसम्मति से पास कर दिया, जेवर टोल का आंदोलन 10 जनवरी को किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में किसान जेवर टोल का घेराव करेंगे। 10 जनवरी को एवं 22 जनवरी को प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन घेराव के लिए किसान सभा गांवों में जाकर तैयारी करेगी। इसी सिलसिले में घोड़ी गांव में कल सुबह 10.00 बजे बड़ी जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। किसान सभा ने सर्वसम्मति उक्त प्रस्ताव पास किए हैं।

# जरूरतमंद को नि:शुल्क भोजन का वितरण



**नोएडा (चेतना मंच)।** जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी दीदी की रसोई ट्रस्ट ने ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा, ट्रस्ट की वरिष्ठ पदाधिकारी सविता देवी व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में मजदूर बस्ती शिव नगरी सेक्टर-17 में जरूरतमंद लोगों के लिए भंडारे का वितरण किया। इसी तरह ट्रस्ट की वरिष्ठ पदाधिकारी मीरा गुप्ता के सहयोग से शनि मंदिर सेक्टर- 14, ए नोएडा पर भोजन वितरण किया गया। उक्त दोनों जगह पर सैकड़ो जरूरतमंद लोगों ने भोजन ग्रहण किया।

इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है और हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

दीदी की रसोई ट्रस्ट द्वारा गरीब जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण के कार्य को लोगों ने काफी सराहा और टीम का धन्यवाद व्यक्त किया।

# संगम तट पर श्रृद्धालुओं का किया स्वागत




**प्रयागराज (चेतना मंच)।** भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने प्रयागराज के संगम तट पर अयोध्या धाम से पधारे तमिलनाडु के सभी श्रृद्धालुओं का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यह सब कुछ संभव हो सका है। अनामिका चौधरी ने पांच तमिल पदाधिकारियों को अंगवस्त्रम, माला-फूल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट, जोनल अधिकारी संजय ममगाई, संजय श्रीवास्तव संयोजक, पार्षद मुकेश लारा, पार्षद एस के द्विवेदी, मृणाली मिश्रा, नीलम शुक्ला, रूशाली मिश्रा, मंदाकिनी मिश्रा, दामिनी पांडेय, मुन्नी पांडेय,आर पी दुबे पत्रकार, अजय द्विवेदी अधिवक्ता, विजय ज्ञावाली, राकेश मिश्रा, मेज़र सुनील निषाद आदि ने सभी आगंतुकों को पुष्पार्चन एवं आरती उतारी।

### कोटेदारों ने लाभांश की मांग को लेकर सीएम को प्रेषित किया ज्ञापन

**मोदीनगर।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप, डीलर्स फेडरेशन के कोटेदारों ने शनिवार को तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन कर अन्य प्रदेशों की तर्ज पर लाभांश देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबाधित एक ज्ञापन एसडीएम को दिया।

अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश कोटेदार शासन के मंसानुसार राशन वितरण करते हैं। कोरोना काल में भी उत्तर प्रदेश के कोटेदार प्रधानमन्त्री योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निन्शुल्क वितरण किया गया। कोटेदार अपने व अपने परविार के जीवन की परवाह न करते हुए सरकार के दिशा निर्देश में ई-पॉस मशीन से ईमानदारी वितरित किए। लेकिन उ0प्र0 के कोटेदारों को लाभान्त 90 रुपए प्रति कुन्तल ही मिलता है।

जबकि अन्य प्रदेशों में प जैसे हरियाणा 250 रुपए पवति कुन्तल, गोवा 200 रुपए, केरल 200 रुपए, महाराष्ट्र 150 रुपए, राजस्थान 125 रुपए, गुजरात में 20000 रुपए मानदेय दिया जा रहा है। कहा कि उ0प्र0 के कोटेदारों को भी अन्य प्रदेशों की तर्ज पर लाभांशदिया जाए। अन्यथा एक जनवरी 2024 से 3000 के राशन विक्रेता वितरण के कार्य से विरत रहेगें।

### बिजली विभाग के कर्मचारियों ने 'आप' नेता को पीटा

**दादरी।** थाना जारचा में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बिजली विभाग के 5 कर्मचारियों ने उनके और उनके भतीजे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित आम आदमी पार्टी के जिला सचिव बताए जा रहे है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है।

थाना जारचा के प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि रिंकू राणा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक वह अपने भतीजे रचित राणा के साथ प्यावली बिजली घर पर बिजली का बिल जमा करने गए थे। बिजली का बिल जमा करने के बाद वह वहां मौजूद बिजली विभाग के कर्मचारियों से कनेक्शन जोड़ने के लिए कहने गए। इसी बीच कर्मचारियों ने उनसे बदतमीजी करनी शुरू कर दी।

आरोप है कि जब उन्होंने और उनके भतीजे ने इस बात का विरोध किया तो वहां खड़े बिजली विभाग के कर्मचारी रिंकू, नागेंद्र, प्रदीप और कृष्ण ने उनके साथ मारपीट की। सोशल मीडिया पर इसकी वीडियो भी वायरल हो रही है। उन्होंने बताया कि विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार शोर सुनकर वहां से गुजर रहे लोगों ने उनकी जान बचाई। लोगों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों के प्रति काफी आक्रोश व्यक्त किया है। बताया जा रहा है पीड़ित व्यक्ति आम आदमी पार्टी के जिला सचिव हैं।

### नाली के पानी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**दादरी।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चिटहैरा गांव में नाली के पानी को लेकर दो पक्षों में मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट के दौरान एक व्यक्ति चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

चौकी प्रभारी राजेश बाबू ने बताया की चिटहैरा गांव में नाली का निर्माण हो रहा है। जिसके चलते नाली में पानी भर हुआ है। जिसको लेकर सतीश पुत्र जगदीश व संतराम पुत्र जय सिंह निवासी चिटहैरा आदि के बीच गाली गलौज व मारपीट हुई। मारपीट के दौरान चाकू लगने से सतीश नाम का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उक्त मामले की जांच कर रही है।

## राजीव गर्ग पैनल चुनाव कराने से भयभीत है: योगेंद्र शर्मा



**नोएडा।**

फेडरेशन ऑफ आर डब्लू ए फोनरवा चुनाव को लेकर नोएडा शहर में सर गर्मी काफी तेजी से बढ़ती जा रही है, जबकि चुनाव 7 जनवरी को होंगे।

शनिवार को राजीव गर्ग एवं सुखदेव पैनल ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर अपनी चुनावी रणनीति से अवगत कराया, साथ ही एक बार फिर चुनाव अधिकारी पर आरोप लगाया कि मतदाता सूची में दर्ज आपत्तियां में सुधार किया जाए, साथ ही सेक्टर में तेजी से विकास करने की बात कही महासचिव पद के प्रत्याशी सुखदेव शर्मा ने कहा कि उन्हें भी एक बार जीत का मौका मिलना चाहिए, फिर देखिए सेक्टरों की समस्याओं का कैसे समाधान होता है।

वहीं दूसरे पैनल के योगेंद्र शर्मा एवं केके जैन से योगेंद्र शर्मा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि राजीव पैनल द्वारा जो प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर प्रशासन पर अनेक आरोप लगाए गए हैं। उनका इस संबंध में कहना है कि शुरू से ही राजीव गर्ग पैनल के लोग चुनाव को तलने का इरादा बने हुए हैं पहले भी चुनाव हो रहा था तब भी इन्हीं लोगों ने चुनाव अधिकारी पर अनेक आरोप लगाए अब जबकि उनकी मांग पर सरकारी अधिकारी द्वारा चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष कराई जा रही है फिर भी प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं। योगेंद्र शर्मा ने कहा कि यह पैनल अपनी हर को बचाने के लिए नए-नए बहाने बना रहा है।

# हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में हादसे का शिकार हुए बाइक सवार युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक अज्ञात वाहन ने पांच दिन पहले चार मूर्ति गोल चक्कर के समीप युवक की बाइक में टक्कर मारी दी थी।

ग्रेनो वेस्ट के यूसुफपुर चक शाहबेरी में रहने वाली सुलोचनी ने पुलिस को बताया कि 24 दिसंबर की शाम उसका भाई मुकेश कुमार बाइक से सेक्टर 71 मम्मी को लेने जा रहा था। चार मूर्ति गोल चक्कर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। मुकेश ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में में इलाज के दौरान शुक्रवार की रात को दम तोड़ दिया। इस मामले में सुलोचनी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बिसरख कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

# नव वर्ष में 'शक्ति संवर्धन' करेंगे एक्टिव एनजीओ




**नॉएडा (चेतना मंच)।** नॉएडा स्टेडियम स्थित शिरोज़ कैफ़े पर एक्टिव एनजीओ ग्रुप की एक अहम् बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुराने वर्ष में किये गए कार्यों पर चर्चा की गई एवं नए वर्ष की उम्मीदों और लक्ष्यों पर बात हुई। एक्टिव एनजीओ के एडमिन डॉक्टर अशोक श्रीवास्तव एवं रंजन तोमर ने बताया की शहर की प्रमुख संस्थाओं को एक धागे में पिरोने और उन्हें और सशक्त बनाने के लिए एक्टिव एनजीओ ग्रुप का जो गठन कोरोना के समय हुआ था। उससे बहुत से सकारात्मक बदलाव हुए हैं, बहुत सी एनजीओ एक दूसरे से प्रेरणा लेकर या एक दूसरे के साथ जुड़कर और बड़ी हो गई हैं। या पहले से बेहत कार्य कर रही हैं, जिससे शहर की ज़रूरतमंद जनता को फ़ायदा पहुंचा है, लेकिन आज भी एनजीओ को कई जगह यथोचित सम्मान नहीं मिलता, उनकी परेशानियों के निस्तारण की बात नहीं होती , सिविक कार्यों और अधिकारों की लड़ाई में संस्थाओं की भी एकता नहीं है। ऐसे में एक्टिव एनजीओ समूह अगले वर्ष समिल्लित रूप से एनजीओ का शक्ति संवर्धन करेगा।

यहाँ के मुद्दों में अपनी भूमिका ,समस्याओं के निस्तारण में प्रयास और एनजीओ को होने वाली समस्याओं में उनका साथ देने की कोशिश में तेज़ी लायी जायेगी। इस दौरान शहर की जानी मानी संस्थाएं और उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बाल बाड़ी पब्लिक स्कूल में मनाया गया भव्य खेल दिवस

**मोदीनगर।** कादराबाद स्थित बाल बाडी पब्लिक स्कूल में शनिवार को भव्य खेल दिवस का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन के सभी सदस्यों व प्रधानाचार्य डॉ.नीरु जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छठी कक्षा से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल दिवस एवं प्रतियोगिताओं की स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ नीस जोशी व स्कूल प्रबंधक विनय रुहेला ने भूरि भूरि प्रशंसा की। मुख्य अतिथि एमके से (आईटीएस) स्वामी मुख्य जनरल मैनेजर टेलीकाम व अध्यक्ष नगर राज भाषा कार्यान्वत समिति (उपक्रम) गाजियाबाद व अन्य अतिथि देवेंद्र सिंह (उत्तर प्रदेश फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन) ईको टूरिज्म के कहा कि बच्चों के जीवन में जितना महत्व किताबों का है उतना ही महत्व खेलकूद व अन्य शैक्षिक गतिविधियों का होता है। खेलकूद से स्वस्थ तन व मस्तिक का विकास होता है। प्रतियोगिता में 100, 200, 400 मीटर दौड, रिले दौड़, टांग आफ वार,शॉट पुट, हरडेल रेल, गेम्स, हाईजम्प,लोंग जम्प के साथ सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अक्षेत, अनुष्का, शर्मा, विनय आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। चेयरमैन सजय जैन, विद्यालय प्रबन्धक विनय रुहेला व प्रधानाचार्या नीरु जोशी व अन्य शिक्षकों ने विजेता छात्र और छात्राओं को स्वर्ण, रजत और कास्य पदक देकर सम्मानित किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 71/2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का विवरण** : लालकुँआ - रामपुर अनुभाग मे ट्रैक की गति 130 किमी. प्रति घंटा बढाने के लिए किमी. 48/12 पर अतिक्रमण कर सबवे (एल.एच.एस) का निर्माण कार्य। (बॉक्स पुशिंग विधि) (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत लालकुँआ - रामपुर अनुभाग में ट्रैक की गति 130 किमी. प्रति घंटा बढाने के लिए किमी. 48/12 एवं 31/4-5 पर अतिक्रमण कर सबवे (एल. एच.एस) का निर्माण कार्य (बॉक्स पुशिंग विधि))। **अनुमानित लागत** : रू. 5,31,20,462.78, **बयाना राशि** : रू. 4,15,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य। **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह। **कार्य का विवरण** : वाजपुर स्टेशन पर गुड्स लाइन के साथ अनुपयोग स्लीपरों के साथ गुड्स शेड प्लेटफार्म का विकास, कंटेनरों के उपयोग के साथ मर्चेंट रूम, शौचालय के साथ वॉटर बूथ और श्रमिकों के लिए बाथरूम की सुविधा इत्यादि एवं टू वन-वे पी.पी शेल्टर के साथ हाई लेवेल आइलैण्ड प्लेटफार्म का प्रावधान। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत बाजपुर स्टेशन पर गुड्स शेड प्लेटफार्म का प्रावधान)। **अनुमानित लागत** : रू. 3,62,73,722.15 **बयाना राशि** : रू. 3,31,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य। **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 19.01.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)
मुजाधि/डबलू-478 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



# पंच धातु से अहमदाबाद में बना 11.5 किलो का अजयबाण, 10 जनवरी को पहुंचेगा अयोध्या

अहमदाबाद, **एजेंसी।** श्री आरासुरी देवस्थान ट्रस्ट, अंबाजी की प्रेरणा से अहमदाबाद के जय भोले ग्रुप ने पौराणिक धर्मग्रंथों में वर्णन के अनुसार अजयबाण की प्रतिकृति का निर्माण किया है। इसे अयोध्या में निर्माणाधीन श्री राम मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इस अजयबाण की पूजा अर्चना शक्तिपीठ अंबाजी मंदिर के ब्राह्मणों द्वारा शास्त्रोक्त विधि विधान से की गई है।

**पौराणिक कथाओं में है अजयबाण का वर्णन** - पौराणिक कथाओं के अनुसार, अजयबाण के साथ शक्तिपीठ अंबाजी का अनोखा जुड़ाव पाया जाता है। त्रेतायुग में भगवान श्री राम और लक्ष्मणजी की मुलाकात जब ऋषि शृंगी से हुई, तो उन्होंने भगवान श्री राम को आद्यशक्ति मां अंबा की पूजा कर उन्हें प्रसन्न करने को कहा था। मां अंबा ने प्रसन्न होकर श्री राम को वरदान देते हुए आशीर्वाद के रूप में अजयबाण दिया था।

**इसी अजयबाण से हुआ था रावण का वध** - इसी अजयबाण से भगवान श्री राम ने दशानन रावण का वध किया था। अजयबाण से रावण का वध का उल्लेख माताजी की आरती में भी पाया जाता है। अजयबाण की प्रतिकृति को तैयार करने वाले जय भोले ग्रुप के फाउंडर दीपेश पटेल ने आज तक से कहा, 'त्रेतायुग में मां अंबा ने भगवान श्री राम को अजयबाण दिया था, जिससे रावण का वध हुआ था.'

**खास बॉक्स में रखा जाएगा अजयबाण** - अब कलयुग में भगवान राम का भव्य मंदिर बन रहा है, तब पौराणिक कथा के अनुसार अजयबाण की प्रतिकृति बनाने की प्रेरणा मिली है। धनुर्वेद ग्रंथ में बाण के बारें में जानकारी मिलती है, उसे ध्यान में रखकर अजयबाण की प्रतिकृति बनाई गई है।




महज 5 दिनों में अहमदाबाद की फैक्ट्री में बनकर तैयार हुआ अजयबाण।

इसलिए इस बाण की डिजाइन में आगे का हिस्सा मोटा बनाया गया है। श्री राम मंदिर की तरफ से अजयबाण के लिए एक विशेष बॉक्स डिजाइन करने को कहा गया है। इसके साथ अजयबाण के महत्व के बारें में जानकारी भी जोड़ी जाएगी।

**5 फिट लंबा है 11.5 किलो वजनी अजयबाण** - 11.5 किलोग्राम वजन के इस अजयबाण को बनाने में सोना, चांदी, तांबा, पित्तल और लोहे का इस्तेमाल हुआ है। जिसकी लंबाई 5 फिट रखी गई है। महज 5 दिनों में ये अजयबाण अहमदाबाद की फैक्ट्री में बनकर तैयार हुआ है, जिसमें 5 लाख रुपए का खर्च आया है।

ये अजयबाण 10 जनवरी के दिन अयोध्या स्थित भव्य श्री राम मंदिर में अर्पण किया जाएगा। श्री राम भक्तों की श्रद्धा और आस्था को देखते हुए अजयबाण के दर्शन की व्यवस्था 7 जनवरी तक की गई है। इसके बाद 8 जनवरी को यह अजयबाण अयोध्या के श्री राम मंदिर में अर्पण करने के लिए अहमदाबाद से प्रस्थान करेगा।

## संक्षिप्त खबर

### प्रेमी के साथ घर से भागी लड़की, रेलवे ट्रैक पर टुकड़ों में मिला युवक, गर्लफ्रेंड का पैर भी कटा

खंडवा, **एजेंसी।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव और एक लड़की गंभीर अवस्था में मिलने से जिलेभर में हड़कंप मच गया है। दरअसल ये दोनों रात को भी अपने घरों से गायब हुए थे। जिनकी रिपोर्ट भी घरवाले शनिवार सुबह? लिखवाने के लिए जानेवाले थे। लेकिन इससे पहले ये खबर आई तो वे सीधे मौके पर पहुंचे। खंडवा जिले के मथेला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार सुबह एक युवक का शव कई टुकड़ों में मिला, उसका धड़, सिर और हाथ पैर सब अलग अलग पड़े हुए थे। जिससे पता चल रहा है कि वह ट्रेन से बुरी तरह कट गया है। वहीं लड़की का एक पैर कटा है। जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग में सुसाइड का बताया जा रहा है। युवक और लड़की शुक्रवार देर रात से ही घर से गायब हो गए थे। जिन्हें पहले तो परिजनों को खूब तलाश किया, लेकिन वे जब नहीं मिले तो सुबह रिपोर्ट लिखवाने का सोचा था। लेकिन इससे पहले उनके पास इस दुर्घटना की खबर पहुंच गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल लड़की महज 16 साल की है। जबकि युवक बालिग बताया जा रहा है। लड़की कक्षा 11 वीं में पढ़ती है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच अफेयर चल रहा था। लेकिन ऐसी क्या वजह भी जिसकी वजह से दोनों को सुसाइड करना पड़ा इस बात का खुलासा नहीं हुआ है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## अयोध्या के लिए पहली उड़ान का शुभारंभ

# पहली फ्लाइट में जय श्री राम, भक्तिमय थे यात्री...किया हनुमान चालीसा का पाठ





अयोध्या, **एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नवनिर्मित महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम पहुंचने वाली पहली फ्लाइट में एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। फ्लाइट के दौरान विमान में सवार यात्रियों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर अपनी यात्रा की शुरुआत की। बता दें शनिवार को अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन पीएम मोदी द्वारा किया गया। अयोध्या के लिए उड़ान भरने वाली पहली फ्लाइट शाम करीब चार बजे अयोध्या हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। इस फ्लाइट के पायलट के पिता इस खास मौके पर काफी खुश हैं और उन्होंने कहा कि इस क्षण पर उन्हें गर्व है। केबिन ने अंदर अपने बारे में बताते हुए फ्लाइट के पायलट ने जय श्री राम का नारा लगाया।

पायलट के पिता मुक्तेश्वर सिंह (75) का कहना है कि यह उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद उनका बेटा पहला कमर्शियल यात्री विमान लेकर कुछ ही देर में आयेगा। इंडिगो विमान के पायलट कैप्टन आशुतोष शेखर (33) हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद पहला वाणिज्यिक यात्री विमान को लेकर आज शाम चार बजे यहां पहुंचे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अयोध्या के अत्याधुनिक हवाई अड्डे का पहला चरण 1,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6,500 वर्ग मीटर है, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा करने के लिए तैयार रहेगा। टर्मिनल भवन का अग्रभाग अयोध्या के आगामी श्री राम मंदिर की मंदिर वास्तुकला को दर्शाता है। टर्मिनल भवन के अंदरूनी हिस्सों को भगवान श्रीराम के जीवन को दर्शाते हुए स्थानीय कला, चित्रों और भित्ति चित्रों से सजाया गया है।

**विशेष सुविधाओं से लैस है अयोध्या का हवाई अड्डा-** अयोध्या हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन विभिन्न सुविधाओं से लैस है जिनमें इंसुलेटेड रूफिंग सिस्टम, एलईडी लाइटिंग, वर्षा जल संचयन, फव्वारे के साथ भूनिर्माण, जल उपचार संयंत्र, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सौर ऊर्जा संयंत्र शामिल हैं। हवाई अड्डे से क्षेत्र में संपर्क में सुधार होगा, जिससे पर्यटन, व्यावसायिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे जहां वह राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### जय श्री राम लिखा गमछा गले में डाल सीएम योगी ने किया पीएम का स्वागत



योगी आदित्यनाथ ने जय श्री राम लिखा गमछा गले में डालकर पीएम का स्वागत किया। इससे पहले राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पीएम को फूल देकर उनका स्वागत किया। फूल को गेरुआ रंग के कागज से कवर किया गया था। उत्तर प्रदेश में ठंड पड़ रही है। इसके साथ ही मौसम भी खराब है। इसे देखते हुए पीएम कंधे पर चादर रखकर आए थे। प्रधानमंत्री अपने विशेष विमान से पहले करीब 10 बजे अयोध्या आने वाले थे, लेकिन उन्हें आने में थोड़ी देर हुई। योगी आदित्यनाथ ने गले में गमछा डाला फिर हाथ जोड़कर पीएम को प्रणाम किया। इसपर नरेंद्र मोदी ने उनसे हाथ मिलाया।

## शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत

# एक्सप्रेस ट्रेनों के पहिए थमे, कई उड़ानें डायवर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी। उत्तर भारत के राज्यों में कोहरे ने ऐसे हालात बना दिए हैं कि सड़कों पर गाड़ियों रेंगती नजर आ रही हैं। वंदे भारत, शताब्दी और राजधानी जैसी लग्जरी एक्सप्रेस ट्रेनें भी 20-20 घंटे की देरी से चल रही हैं। फ्लाइट्स का हाल यह है कि पैसेंजर्स को एयरपोर्ट पहुंचने से पहले ही डायवर्जन का मैसेज मिल रहा है। शीतलहर की वजह से आम जन-जीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग अपने घरों में ही दुबकने के लिए मजबूर हो गए हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है 1 जनवरी से 5 जनवरी के बीच उत्तर भारतीय राज्यों में शीतलहर चलेगी। यूपी के ज्यादातर जिलों में ठंड के बढ़ते प्रकोप की वजह से 1 से 8 तक के स्कूलों को 6 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। आईएमडी ने उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है जबकि बिहार के 13 जिलों में भयंकर कोहरा पड़ने का अलर्ट दिया गया है। देश के ज्यादातर राज्यों में अगले तीन दिनों तक ठंड का प्रकोप जारी रहेगा और नए साल का स्वागत भी ठंड में ही किया जाएगा।

**150 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित-फ्लाइट डायवर्ट**

कोहरे का कहर ऐसा है कि देश की सबसे तेज चलने वाली ट्रेन शताब्दी, राजधानी, वंदे भारत, हमसफर भी हांफ रही हैं और 20-20 घंटे की देरी से चल रही हैं। देश भर में करीब 150 ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। कई ट्रेनें तो ऐसी हैं जो 10 से 20 घंटे की देरी से चल रही हैं। तेजस एक्सप्रेस ट्रेन भी देरी चल रही है। भारत के सबसे बड़े एयरपोर्ट दिल्ली में विजिबिलीटी काफी कम है और दर्जनों फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तापमान में गिरावट आई है और कोहरे का कहर बढ़ गया है।

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों में भी भयंकर ठंड पड़ रही है। श्रीनगर का तापमान तो 3 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है और गुलमर्ग की ठंडक 2.5 डिग्री रही।

### किराया बढ़ा, प्लेटफॉर्म टिकट महंगा हुआ: राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। राहुल गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स में ट्वीट करके रेलवे किराए और रसोई गैस की कीमत को लेकर कटाक्ष किया है। राहुल ने कहा कि भारतीय रेल ने हर वर्ग का किराया बढ़ा दिया है। किराए में बुजुर्गों को मिलने वाली छूट को भी खत्म कर दिया है। प्लेटफार्म टिकट के भी दाम बढ़ा दिए गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि जनता की मेहनत की कमाई से निचोड़ा जा रहा यह पैसा क्या 'सेल्फी स्टैंड' बनाने के लिए था? भारत की जनता को क्या चाहिए? सस्ता गैस सिलेंडर और सुलभ रेल यात्रा? या फिर शहंशाह के बुत के साथ तस्वीर?

राहुल ने रेलवे स्टेशन की एक तस्वीर पोस्ट की है। इसमें काफी संख्या में यात्री जमीन पर लेटे हुए हैं और उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ उज्ज्वला योजना का विज्ञापन लगा हुआ है।

कांग्रेस के स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी ने कहा था - इंडिया और एनडीए में विचारधारा की लड़ाई है। कुछ दिन पर भाजपा के एक सांसद मुझे लोकसभा में मिले। उन्होंने मुझसे कहा- बीजेपी में गुलामी चलती है..।

## न दूरी है न खाई है, मोदी हमारा भाई है...

# मुस्लिम महिलाओं को जोड़ने के लिए बीजेपी शुरू करेगी शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान

नई दिल्ली, **एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव में मुस्लिम महिलाओं को अपने पाले में लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का अल्पसंख्यक मोर्चा दो जनवरी से उत्तर प्रदेश के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में शुक्रिया मोदी भाईजान नामक एक विशेष अभियान शुरू करेगा। इस अभियान के तहत मोर्चा हर लोकसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें कम से कम 1,000 मुस्लिम महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मुस्लिम महिला मतदाताओं को रिझाने की इस योजना की टैगलाइन न दूरी है न खाई है, मोदी हमारा भाई है रखी गई है।

उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि शुक्रिया मोदी भाईजान कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उनके लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही उन्हें यह बताया जाएगा कि उन्हें आखिर भाजपा को वोट क्यों देना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन सम्मेलनों के जरिए कोशिश की जाएगी कि मुस्लिम महिलाओं को उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, हज का कोटा बढ़ाया जाना, महिलाओं को महरम व्यक्ति के साथ ही हज पर जाने की अनिवार्यता खत्म किया जाना, मुस्लिम बच्चों को छात्रवृत्ति समेत समुदाय को लाभ पहुंचाने वाली तमाम योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।



अली ने बताया कि यह अभियान आगामी दो जनवरी से शुरू होकर 20 जनवरी तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, हाल ही में प्रदेश के सभी जिलों में मुस्लिम महिलाओं ने जिलाधिकारी को मोदी सरकार की योजनाओं को लेकर धन्यवाद ज्ञापन दिया था। अब इस सिलसिले को आगे बढ़ते हुए हर लोकसभा क्षेत्र में शुक्रिया मोदी भाईजान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अली ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुस्लिम महिलाओं को मकान मिले हैं और मुस्लिमों को इस योजना का लाभ उनकी आबादी के प्रतिशत के मुकाबले ज्यादा दिया गया है। प्रदेश में महिला सुरक्षा पहले से बेहतर हुई है और विभिन्न योजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी को बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान का नाम शुक्रिया मोदी भाईजान रखे जाने की एक बड़ी वजह यह है कि मोदी ने विभिन्न योजनाओं में मुस्लिम महिलाओं को प्राथमिकता देकर भाई-बहन का रिश्ता कायम किया है।

# भगवान राम केवल हिंदुओं के नहीं, वह दुनिया के सभी लोगों के हैं, राम सबके भगवान: फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर, **एजेंसी।** नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने अयोध्या राम मंदिर को लेकर बड़ा बयान दिया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम ने राम मंदिर निर्माण की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत में भारत में भाईचारा कम हो रहा है, इसे पुनर्जीवित करने की जरूरत है। अयोध्या राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। मैं मंदिर के लिए प्रयास करने वाले सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूं। यह अब तैयार है।

फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि भगवान राम केवल हिंदुओं के लिए नहीं हैं, वह दुनिया के हर किसी के हैं। मैं पूरे देश से यह भी कहना चाहता हूं कि भगवान राम केवल हिंदुओं के नहीं हैं; वह दुनिया के सभी लोगों के हैं। वह दुनिया भर के सभी लोगों के भगवान हैं। यह किताबों में लिखा है। भगवान राम ने भाईचारा, प्रेम, एकता और एक-दूसरे की मदद करने का संदेश दिया है। उन्होंने (भगवान राम ने) भाईचारे, प्रेम, एकता और एक-दूसरे की मदद करने का संदेश दिया है। उन्होंने हमेशा कहा है कि गिरे हुए लोगों का उत्थान करो, चाहे वे किसी भी धर्म या जाति के हों। उन्होंने एक



सार्वभौमिक संदेश दिया है। यह मंदिर है उद्घाटन होने जा रहा है, मैं देश के लोगों से कहना चाहता हूं कि हमारे देश में जो भाईचारा कम हो रहा है उसे फिर से शुरू करें। मैं हर किसी से कहना चाहता हूं कि भाईचारा बनाए रखें।

### विदेश तक राम मंदिर की धमक, गदगद हो गए मॉरिशस के सांसद, बोले- मोदी हैं तो मुमकिन है

राम मंदिर बनने और रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की धमक देश ही नहीं बल्कि विदेश तक भी सुनाई दे रही है। मॉरिशस के सांसद महेंद्र गंगाप्रसाद भव्य राम मंदिर को लेकर बेहद खुश हो गए। उन्होंने कहा कि केवल प्रधानमंत्री मोदी ही अयोध्या को दुनियाभर की नजरों में ला सकते थे और उन्होंने ऐसा करके दिखा दिया। उन्होंने कहा, आप सोच नहीं सकते कि मुझे कितने गर्व की अनुभूति हो रही है। मॉरिशस में रहने वाले हिंदू धर्म के लोग भी बेहद खुश है कि आज राम जी का मंदिर वहीं बन गया है जहां उनका जन्म हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए गंगाप्रसाद ने कहा, मैं ईमानदारी से कहता हूं कि केवल मोदी ही यह सब कर सकते थे। जिस तरह से अयोध्या में मंदिर बनाया गया है उसपर हमें गर्व है। इसके अलावा उन्होंने पीएम मोदी की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की अगुआई में शिक्षा क्षेत्र फला फूला है। जो छात्र अब स्कूल और विश्वविद्यालयों से निकल रहे हैं वे पूरी दुनिया में भारत की विशेषता को दिखा रहे हैं। इसके लिए पीएम मोदी बधाई के पात्र हैं। प्रधानमंत्री को करिश्माई नेता बताते हुए उन्होंने कहा कि वही एक ऐसे नेता हैं जो कि अपने तरीके से देश को बदल रहे हैं। भारत का भाग्य बदल रहे हैं और दुनिया में भारत की छवि बदल दी है। आज अगर कोई भारत की तरफ देखता है तो उसे नरेंद्र मोदी ही ऐसा व्यक्ति दिखाई देते हैं जिनकी प्रशंसा की जा सकती है। मुझे तनिक भी संदेह नहीं है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल होने वाला है। आज कई देश भारत के साथ दोस्ती करने को आतुर हैं और वे करीबी रिश्ते रखना चाहते हैं।

# मुझे आमंत्रण की जरूरत नहीं, रामलला के दर्शन करने से जाऊंगा : उद्धव ठाकरे

मुंबई, **एजेंसी।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शिवसेना (यूबीटी) चीफ और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को न्योता नहीं दिया गया है। इसपर उन्होंने कहा, राम लला हमारे भी हैं। मैं जब चाहूं अयोध्या जा सकता हूं। मैं अब भी जा सकता हूं और कल भी जा सकता हूं। जब मैं मुख्यमंत्री बना तब भी मैं अयोध्या गया और उससे पहले भी गया। हां हमें कोई आमंत्रण नहीं मिला और ना ही उसकी कोई जरूरत है। मेरा बस एक आग्रह है कि इस कार्यक्रम का राजनीतीकरण ना किया जाए। बता दें कि 22 जनवरी के कार्यक्रम के लिए एमएनएस चीफ राज ठाकरे को बुलाया गया है लेकिन उद्धव ठाकरे को आमंत्रित नहीं किया गया है।

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर तंज कसते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, जिन लोगों ने बाबरी मस्जिद ढहाई,



वे आज नहीं हैं। हो सकता है कि जब मस्जिद ढहाई गई थी तब कुछ लोग स्कूल की पिकनिक पर गए रहे हों। बता दें कि हाल ही में देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि वह कई बार कारसेवा में शामिल हुए थे और उन्हें जेल जाना पड़ा था।

बता दें कि राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण भी राजनीतिक चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं मंदिर प्रबंधन का कहना है कि व्यवस्था को देखते हुए कम से कम लोगों को ही आमंत्रण भेजा गया है। यहां तक कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों को भी नहीं बुलाया गया है। लेकिन सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों को बुलाया गया है। अब विरोधी दलों के लिए असमंजस की स्थिति बन गई है कि उन्हें इस कार्यक्रम में जाना है कि नहीं। अब तक कांग्रेस ने अपना स्टैंड साफ नहीं किया है। संभव है कि सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी इस कार्यक्रम में शामिल हों।

# वह देश जहां चलता है हिंदू कैलेंडर...एक जनवरी को नहीं मनाया जाता है नया साल

**हिंदू धर्म का विक्रम संवत कैलेंडर ही नेपाल का आधिकारिक कैलेंडर है**

**नेपाल में सौ सालों से भी ज्यादा समय से यह कैलेंडर चल रहा है**

**भारत सहित दुनिया के 200 से ज्यादा देश ग्रेगोरियन कैलेंडर चलाते हैं**

नयी दिल्ली, **एजेंसी।** दुनिया के तमाम देश नए साल का स्वागत कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि पूरी दुनिया ही ग्रेगोरियन कैलेंडर को मानती है जिसके मुताबिक 31 दिसंबर के बाद 2024 नए साल के रूप में आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तमाम तरह के व्यापार आदि इसी कैलेंडर के अनुसार ही होती है। यहां तक कि भारत में भी हिंदू कैलेंडर का लंबा इतिहास होने पर भी ग्रेगोरियन कैलेंडर ही चलता है। पर दुनिया का एक देश ऐसा भी है जो इस ग्रेगोरियन कैलेंडर को नहीं बल्कि हिंदू कैलेंडर को मानता है।

हिंदू कैलेंडर विक्रम संवत कैलेंडर का ही प्रचलित नाम है जो भारत में लंबे समय तक चलता रहा। आजादी के बाद देश को जब कैलेंडर अपनाने का फैसला करना था तब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ग्रेगोरियन के साथ ही विक्रम संवत को भी अपनाया था। फिर भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के बाकी देशों से तालमेल बना रहे इसलिए ग्रेगोरियन कैलेंडर को छोड़ा नहीं गया था।

वहीं नेपाल हमेशा से ही हिंदू कैलेंडर को मानता चला आ रहा है। वह कभी अंग्रोजों का गुलाम नहीं रहा और इस वजह से वह हमेशा ही पहले से उपयोग में चले आ रहे विक्रम संवत को मानता रहा जो कि आज भी जारी है। विक्रम संवत ग्रेगोरियन कैलेंडर से 57 साल आगे चलता है।

नेपाल में कभी अंग्रेजों का शासन नहीं रहा। इसलिए वे कभी भी नेपाल पर अपनी परंपराएं नहीं थोप सके। इसकी मिसाल कैलेंडर भी है। नेपाल में विक्रम संवत का आधिकारिक इस्तेमाल 1901 ईस्वी में वहां के राणा वंश ने शुरू किया था। हिंदू धर्म में यह कैलेंडर भारत के उज्जैयनी राज्य में 102 ईसा पूर्व में जन्मे महान शासक विक्रमादित्य के नाम पर है।

नेपाल के कैलेंडर में नया साल ग्रेगोरियन कैलेंडर के मार्च के अंत या अप्रैल महीने की शुरुआत में चालू होता है। यह कैलेंडर चांद की स्थिति, और पृथ्वी की सूर्य की परिक्रमा के समय पर आधारित होता है। कई लोग इसे पंचाग भी कहते हैं। इसमें तारीख की तिथि कहते हैं। सप्ताह में सात ही दिन होते हैं और आमतौर पर साल में 12 महीने होते हैं। लेकिन कई बार साल 13 महीने का भी हो जाता है। विक्रम संवत की शुरुआत राजा भर्तृहरि ने की थी। विक्रमादित्य उनके छोटे भाई थे। भर्तृहरि को उनकी पत्नी ने धोखा दिया था। इससे दुखी होकर उन्होंने संन्यास लेकर राज्य विक्रमादित्य को दे दिया था। राजा विक्रमादित्य बहुत ही लोकप्रिय राजा हुए थे। उसके नाम से ही संवत नाम चला और प्रचलित हो गया।

# भगवान श्रीराम के वो 16 गुण, जो अयोध्या मंदिर में स्थापित प्रतिमा में आएंगे नजर

**अयोध्या में बने नवनिर्मित मंदिर में 22 जनवरी 2024 को राम लला की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए आमजन के लिए ये मंदिर खोल जाएगा। मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमा को बनाने में कई बातों का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां स्थापित होने वाली राम लला की प्रतिमा बाल स्वरूप में होगी, जिसमें वो सभी 16 गुण दिखाई देंगे, जिनके कारण श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। इन गुणों के बारे में वाल्मीकी रामायण में विस्तार पूर्वक बताया गया है।**




अयोध्या में बने नवनिर्मित मंदिर में 22 जनवरी 2024 को राम लला की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए आमजन के लिए ये मंदिर खोल जाएगा। मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमा को बनाने में कई बातों का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां स्थापित होने वाली राम लला की प्रतिमा बाल स्वरूप में होगी, जिसमें वो सभी 16 गुण दिखाई देंगे, जिनके कारण श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। इन गुणों के बारे में वाल्मीकी रामायण में विस्तार पूर्वक बताया गया है। आगे जानिए भगवान श्रीराम के उन 16 गुणों के बारे मेंज

- **1. गुणवान**- श्रीराम में महाज्ञानी थे, उन्होंने महर्षि वशिष्ठ के आश्रम में रहते हुए सभी विद्याओं का ज्ञान प्राप्त किया था।
- **2. किसी की निंदा न करने वाला**- श्रीराम हमेशा सकारात्मक सोच रखते थे, किसी की निंदा करना या उसमें बुराई खोजना श्रीराम के स्वभाव में नहीं था।
- **3. धर्मज्ञ**- श्रीराम धर्म-कर्म के मामले में सदैव आगे रहते थे। वे धर्म को हर छोटी-छोटी बातों के भी जानकार थे।
- **4. कृतज्ञ**- श्रीराम में विनम्रता का गुण भी था, जो भी उनकी मदद करता था, वे उसका धन्यवाद देने नहीं भूलते थे।
- **5. सत्य**- श्रीराम ने अपने जीवन में सदैव सच बोला। ये गुण भी उनमें स्वभाविक रूप से था।
- **6. दृढ़प्रतिज्ञ**- श्रीराम जो भी प्रतिज्ञा लेते थे, फिर उसे पूरा किए बिना नहीं रहते थे।
- **7. सदाचारी**- श्रीराम सभी से एक समान व्यवहार करते थे, चाहे वो कोई भी हो।
- **8. सभी प्राणियों का रक्षक**- श्रीराम की शरण में जो भी जाता, वे उसकी सहायता अवश्य करते थे, चाहे वो कोई राक्षस ही क्यों न हो।
- **9. विद्वान**- श्रीराम ने चारों वेदों का भलीभांति अध्ययन किया था, इसलिए वे परम विद्वान भी थे।
- **10. सामर्थ्यशाली**- सृष्टि में कोई ऐसा काम नहीं था, जिसे श्रीराम करना चाहे और न कर सके। यही बात उनकी सामर्थ्य शक्ति की दर्शाती है।
- **11. प्रियदर्शन**- श्रीराम का स्वरूप दिखने में अत्यंत सुंदर था, जो भी उन्हें देखता था उनका भक्त बन जाता था।
- **12. मन पर अधिकार रखने वाला**- श्रीराम का स्वरूप ही ऐसा था कि वे सभी के मन पर अधिकार रखते थे। उनकी कही बात कोई टाल नहीं सकता था।
- **13. क्रोध जीतने वाला**- श्रीराम का स्वभाव काफी शांत था, वे छोटी-छोटी बातों पर क्रोध नहीं करते थे।
- **14. कांतिमान**- श्रीराम के चेहरे पर एक चमक थी, जो उन्हें औरों से श्रेष्ठ बनाती थी।
- **15. वीर्यवान**- श्रीराम स्वस्थ शरीर वाले, संयमी और हृष्ट-पुष्ट थे।
- **16. युद्ध में जिसके क्रोधित होने पर देवता भी डरें**- श्रीराम जब क्रोधित होते थे तो देवता भी उनके आगे नहीं टिक पाते थे।

# हमेशा खुला रहता है इस राम मंदिर का दरवाजा लेकिन हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति नहीं

वैसे तो भगवान श्रीराम का मंदिर पूरी दुनिया में है लेकिन अयोध्यान में जन्मस्थली होने के चलते पूरी दुनिया का नजर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर है। जानकार आश्चर्य होगा कि भगवान राम का एक मंदिर पाकिस्तान में भी है। हालांकि, वहां हिंदुओं के पूरा करने पर रोक है। पाकिस्तान स्थित इस राम मंदिर का दरवाजा हमेशा खुला रहता है और हिंदुओं के पूजा करने पर पाबंदी लगी है। अक्सर पाकिस्तानी सरकार इस मंदिर को हिंदुओं को सौंपने की बात करती है लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं करती है।



पाकिस्तान के सैयदपुर में स्थित इस राम मंदिर का दरवाजा हमेशा खुला रहता है।

पाकिस्तान स्थित इस राम मंदिर का दरवाजा हमेशा खुला रहता है और हिंदुओं के पूजा करने पर पाबंदी लगी है। अक्सर पाकिस्तानी सरकार इस मंदिर को हिंदुओं को सौंपने की बात करती है लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं करती है। दूसरी ओर अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां जोर-शोर पर चल रही हैं। भव्य मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान कई वीवीआईपी मौजूद रहेंगे। वैसे तो भगवान श्रीराम का मंदिर पूरी दुनिया में है लेकिन अयोध्यान में जन्मस्थली होने के चलते पूरी दुनिया का नजर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर है। जानकार आश्चर्य होगा कि भगवान राम का एक मंदिर पाकिस्तान में भी है। हालांकि, वहां हिंदुओं के पूरा करने पर रोक है। आइए जानते हैं इस राम मंदिर के बारें में...

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के पास सैयदपुर में भगवान श्रीराम का एक मंदिर है। कायदे आजम यूनिवर्सिटी के आर्कियोलॉजी विभाग के अनुसार, बंटवारे के बाद सभी मंदिरों की देखरेख रूक गई थी। 1950 के लियाकत-नेहरू समझौते में ऐसी पवित्र जगहों को शरणार्थी संपत्ति ट्रस्ट को सौंपने की बात हुई लेकिन सैयदपुर गांव और वहां का राम मंदिर परिसर आज भी इस्लामाबाद के कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी के अधीन ही आता है। रावलपिंडी गजेटियर के अनुसार, सैयदपुर गांव 1848 में बसा था।

## राजा मानसिंह ने बनवाया था मंदिर

गजेटियर के अनुसार, सैयदपुर गांव में एक राम मंदिर, गुरुद्वारा और एक धर्मशाला हुआ करते थे। यहां करीब 8,000 श्रद्धालु हर साल आया करते थे। बंटवारे के बाद ज्यादातर हिंदू इस गांव को छोड़कर भारत चले गए। इसके बाद सैयदपुर गांव और राम मंदिर परिसर को शत्रु संपत्ति बताकर पाकिस्तानी सरकार ने सील कर दिया। बताया जाता है कि तब इस्लामाबाद में कम से कम 300 हिंदू घर हुआ करते थे। 1580 में राजा मानसिंह ने सैयदपुर का राम मंदिर बनवाया। इस गांव के आसपास कई ऐतिहासिक गुफाएं भी मिलती हैं। गांव में भगवान राम और लक्ष्मण के नाम पर एक कुंड भी था।

## पूजा करने पर पाबंदी

इस्लामाबाद की कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने साल 2008 में सैयदपुर को "धरोहर गांव" माना और उसका पुनर्निर्माण शुरू करवाया। इसी के तहत राम मंदिर की रंगाई-पुताई करवाई गई लेकिन मंदिर से मूर्तियां हटा दी गईं। इस मंदिर का दरवाजा हमेशा खुला रहता है और हिंदुओं के पूजा करने पर पाबंदी लगी है। अक्सर पाकिस्तानी सरकार इस मंदिर को हिंदुओं को सौंपने की बात करती है लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं करती है।

सैयदपुर गांव के राम मंदिर में हिंदुओं को पूजा की अनुमति नहीं है। कई बार इसकी मांग की गई लेकिन उन्हें रोक दिया गया। कहा जाता है कि 1960 में इस राम मंदिर परिसर को गर्ल्स स्कूल में बदला गया था। जिसका लंबे समय तक हिंदुओं ने विरोध किया। इसके बाद 2006 में स्कूल को वहां से हटा दिया गया लेकिन हिंदुओं को पूजा की अनुमति नहीं दी गई।

# क्या होती है अकाल मृत्यु, कैसे बच सकते हैं इससे, गरुण पुराण में है उपाय

अकाल मृत्यु का अर्थ असमय मौत हो जाना है। गरुण पुराण के मुताबिक भूख से पीड़ित होकर, हत्या किए जाने पर, फांसी लगाकर, जहर खाकर, आग से जलकर, पानी में डूबकर, सांप के काटने से, दुर्घटना में, गंभीर बीमारी, आत्महत्या में मौत को अकाल मृत्यु माना गया है। मृत्यु ही जीवन का अंतिम सत्य है। जो इस दुनिया में आया है उसे अपना समय पूरा होने पर जाना होता है। यह सब पहले से तय होता है। हालांकि अकाल मृत्यु भी जीवन-मरण का एक हिस्सा माना जाता है। गुरुण पुराण के मुताबिक जिनकी मौत भूख से पीड़ित होकर, हत्या, फांसी लगाकर, जहर खाकर, आग से जलकर, पानी में डूबकर, सांप काटने से, दुर्घटना या गंभीर बीमारी व आत्महत्या से होती है उसे अकाल मृत्यु की श्रेणी में रखते हैं। गरुण पुराण में जीवन मृत्यु को स्पष्ट विवरण दिया गया है।

व्यक्ति के जन्म और मृत्यु का समय तय होता है, लेकिन कई बार व्यक्ति की मौत बहुत कम उम्र में ही हो जाती है। कई लोगों की मौत बहुत कष्टदायी रहती है। गरुड़ पुराण में मृत्यु



और अकाल मृत्यु के बारे में विस्तार से बताया गया है। कई बार व्यक्ति की मौत के बाद भी उसकी आत्म संसार में भटकती रहती है और वह नए शरीर में प्रवेश नहीं करती है। वह अपना जीवनकाल पूरा करने का इंतजार करती है। ऐसी मृत्यु अकाल मृत्यु कहलाती है। अकाल मृत्यु में दुर्घटना, पानी में डूबने से, सांप के काटने से, किसी रोग के कारण, भूख से पीड़ित होकर, हत्या या आत्महत्या के केस को भी अकाल मृत्यु कहा जाता है। ऐसी स्थिति में आत्मा अपना तय जीवनकाल पूरा होने तक इसी संसार में भटकती रहती है।

## अकाल मृत्यु से बचने के उपाय

शिव पूजन करने से व्यक्ति को अकाल मृत्यु योग से छुटकारा मिल जाता है। अकाल मृत्यु का भय हो तो जातक को पानी में तिल और शहद मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए। इसी के साथ आपको महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय मंत्र का जप करना चाहिए।

# पौष मास में करें महत्वपूर्ण ज्योतिषीय उपाय, होगा फायदा

**पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पौष मास में पूर्वजों के निमित्त तर्पण, पिंडदान, नदी स्नान व अर्घ्य तथा दान-पुण्य के कार्य अवश्य करें। इससे पितृ दोष दूर होगा और सभी अटके कार्य पूर्ण होंगे।**

27 दिसंबर 2023 से शुरू होकर 25 जनवरी 2024 तक पौष मास रहेगा। इस माह में यदि आप हमारे बताए कुछ उपाय करते हैं तो आपके अटके कार्य पूर्ण होंगे और सभी तरह की मनोनाकमाएं पूर्ण होगी। इससे पहले यह भी जरूरी है कि आप पौष माह के नियमों का पालन करें। क्या खाएं और क्या नहीं खाएं यह भी जरूर जान लें।



**पीले वस्त्र पहनें :** इस माह में आपको अधिकतर मौकों पर पीले वस्त्र पहनना चाहिए। यह आपके भाग्य को जागृत करेगा और जीवन में शुभता को बढ़ाएगा।

**सूर्य को अर्घ्य दें :** प्रतिदिन सूर्य मंत्र "ॐ ह्रीं ह्रीं सूर्याय नमः" का जाप करते हुए सूर्यदेव का पूजन-अर्चन करें। प्रतिदिन स्नान करके सूर्यदेव को जल अर्घ्य अर्पित करें। एक तांबे के पात्र से जल लेकर उसमें रोली, लाल पुष्प, अक्षत, गुड़ डालकर आसन पर खड़े होकर "ॐ आदित्याय नमः" मंत्र से अर्घ्य चढ़ाएं। सूर्य अर्घ्य के पश्चात अपनी मनोकामना कहें, भगवान सूर्य नारायण आपकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करेंगे।

**दान करें :** पौष मास में अपने सामर्थ्य के अनुसार गरीबों या असहाय को तिल, गुड़, गर्म वस्त्र, कम्बल आदि का दान अवश्य करें। इसके अलावा तांबा दान करना भी शुभ माना जाता है।

**तर्पण और पिंडदान :** पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पौष मास में पूर्वजों के निमित्त तर्पण, पिंडदान, नदी स्नान व अर्घ्य तथा दान-पुण्य के कार्य अवश्य करें। इससे पितृ दोष दूर होगा और सभी अटके कार्य पूर्ण होंगे।

**शनि दोष से मुक्ति:** यदि आपकी कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैया, दशा या महादशा चल रही है तो किसी मजदूर, गरीब या जरूरतमंद को अनाज या काला सफेद कंबल दान करें। इससे शनि दोष से मुक्ति मिलेगी।

**भाग्य को करें जागृत :** यदि आपको लगता है कि किस्मत का साथ नहीं मिलता है या कोई भी काम बनते बनते बिगड़ जाते हैं तो प्रतिदिन गाय को हरी घास या पालक खिलाएं। इसे आपके कार्य में आ रही बाधा दूर होगी। यदि रोज गाय नहीं मिल पा रही है तो कुत्ते को रोटी खिला सकते हैं।

**गृह कलेश से मुक्ति के लिए :** यदि घर में आए दिन कलेश होता रहता है तो पौष माह के हर शुक्रवार को पीपड़ के पेड़ की जड़ में खिचड़ी अर्पित करें। इससे घर-परिवार में सुख-शांति कायम होगी।

# न जलाना...न दफनाना...पारसी समुदाय में अंतिम संस्कार की अजीब परंपरा

पारसी समाज के लोगों की संख्या भले ही बहुत कम रह गई हो लेकिन उनके महत्वपूर्ण योगदान के चलते समाज में उनका अलग महत्व है। पारसी धर्म के बारे में अभी भी बहुत कम जानते हैं। इनके धार्मिक रिवाज और कल्चर से अभी भी अपरिचित हैं।

भारत में हिन्दू-मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई के साथ पारसी समुदाय भी है जो संख्या में कम होने के बाद भी अपनी पहचान बनाए हुए हैं। पारसी समाज के लोगों की संख्या काफी कम हो गई है लेकिन फिर भी उनकी प्रतिष्ठा समाज में बनी हुई है। आइए जानते हैं पारसी समुदाय के रीति-रिवाजों और धार्मिक संस्कारों के बारे में।

## दूसरे धर्मों से काफी अलग पारसी समुदाय

पारसी धर्म दूसरे से बिल्कुल अलग है। यहां व्यक्ति की मौत के बाद न तो उसे जलाया जाता है और न ही उसे बहाया जाता है। हिन्दू और सिख समाज में शव जलाते हैं जबकि मुस्लिम और ईसाई समाज में शव दफनाते हैं लेकिन पारसी समाज में अंतिम संस्कार का अलग तरीका है। पारसी समाज में किसी की मृत्यु होने पर शव को टॉवर ऑफ साइलेंस यानी दखमा ले जाते हैं।



## मान्यता

पारसी धर्म की अलग मान्यता है। पारसी धर्म में अग्नि, जल और भूमि को पवित्र मानते हैं। ऐसे में किसी की मौत होने शव को जलाते नहीं हैं क्योंकि अग्नि अपवित्र होगी, दफनाने पर धरती अपवित्र होंगी और बहाने पर जल दूषित होगा। ऐसे में पारसी में शव का टॉवर ऑफ साइलेंस ले जाते हैं।

## क्या है टॉवर ऑफ साइलेंस

टावर ऑफ साइलेंस एक गोलाकार चबूतरा होता है। पारसी समुदाय में मौत होने पर शवों इस टॉवर ऑफ साइलेंस के सुपुर्द कर दिया जाता है। यानी इसे खुले आसमान के हवाले कर दिया जाता है। इसके बाद मृत शरीर को गिद्ध और चील खाते हैं। ॉ

## 3 साल पुराना परंपरा

पारसी समुदाय में अंतिम संस्कार की ये परंपरा 3 हजार साल से चली आ रही है। समय के साथ अब गिद्ध और चीलों की संख्या में कमी आने के कारण पारसी समुदाय के लोगों को अंतिम संस्कार करने में काफी परेशानी भी होती है।

### भारत-साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 जनवरी से

# केपटाउन में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत सकी टीम इंडिया

एजेंसी ॥ केपटाउन



भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 जनवरी 2024 से केप टाउन में खेला जाएगा। केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर भारत ने 6 टेस्ट खेले और एक में भी टीम को जीत नहीं मिली। जबकि साउथ अफ्रीका ने इस ग्राउंड पर 24 मैच खेले और उन्हें 45.8फीसदी यानी 10 मुकाबलों में जीत मिली। न्यूलैंड्स स्टेडियम में सबसे सफल विदेशी टीम ऑस्ट्रेलिया है, टीम ने यहां 71फीसदी टेस्ट जीते।

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को भी इस मैदान पर सफलता मिल चुकी है लेकिन एशिया की कोई भी टीम यहां एक भी मैच नहीं जीत सकी। अब एशिया की टॉप टीम भारत केप टाउन में ही 3 जनवरी से टेस्ट सीरीज बचाने के लिए साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी। टीम 2 टेस्ट की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है। केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर अब तक 59 टेस्ट मैच खेले गए। 23 बार पहले बैटिंग और 25 बार पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को जीत मिली। इस मैदान पर महज 11 ही टेस्ट ड्रॉ रहे। केप टाउन में बहुत कम टेस्ट ड्रॉ रहते हैं। साल 2000 के बाद से यहां 28 टेस्ट खेले गए और 23 में नतीजे आए। महज 5 टेस्ट ड्रॉ रहे। विदेशी टीमों में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ही केप टाउन में अच्छा प्रदर्शन कर सकी हैं। ऑस्ट्रेलिया ने यहां 14 टेस्ट खेले, उन्हें 71.4फीसदी मुकाबले यानी 10 में जीत मिली। ऑस्ट्रेलिया केप टाउन में सबसे सफल टीम है, उन्होंने यहां होम टीम साउथ अफ्रीका से भी ज्यादा प्रतिशत मुकाबले जीते हैं। केप टाउन में इंग्लैंड ने 21 में से 10 टेस्ट जीते, वहीं न्यूजीलैंड को यहां 5 टेस्ट में एक बार जीत मिली।

### साउथ अफ्रीका यहां किसी एशियन टीम से नहीं हारा

साउथ अफ्रीका ने केप टाउन में 59 मुकाबले खेले, 27 में टीम को जीत और 21 में हार भी मिली। टीम ने 11 मुकाबले ड्रॉ खेले लेकिन कभी किसी एशियन टीम को जीतने नहीं दिया। टीम यहां वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से भी नहीं हारी। वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, पाकिस्तान, श्रीलंका और भारत के खिलाफ साउथ अफ्रीका ने केप टाउन में 19 टेस्ट खेले। टीम को 16 में जीत मिली और 3 ही टेस्ट ड्रॉ रहे। साल 2000 के बाद से साउथ अफ्रीका ने यहां 28 टेस्ट खेले, उन्हें 19 में जीत मिली और महज 4 में हार मिली। बाकी मुकाबले ड्रॉ रहे।

### माधवराव सिंधिया महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रतियोगिता

# ग्वालियर ने संभाग स्तरीय महिला हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता



शिवपुरी

शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी द्वारा अयोजित दो दिवसिय संभाग स्तरीय हॉकी (महिला) प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन 28 से 29 दिसंबर 2023 तक श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर शिवपुरी में किया गया। प्रतियोगिता में गुना, दतिया, शिवपुरी और ग्वालियर जिले की हॉकी टीम ने भाग लिया। फाइनल मैच गुना और ग्वालियर जिले के बीच खेला गया। जिसमें ग्वालियर ने गुना को 4 गोल से हराया और प्रतियोगिता विजेता रही। ग्वालियर संभाग की हॉकी टीम के चयन ट्रायल फाइनल मैच के बाद हुए जिसमें शिवपुरी जिले की 3 छात्राओं ने ट्रायल दिया।

इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी प्रतियोगिता और स्टेट प्रतियोगिता में ग्वालियर डिवीजन को प्रतिनिधित्व करेंगे। ग्वालियर संभाग हॉकी टीम के चयन हेतु चयन समिति सदस्य के रूप में मप्र राज्य महिला हॉकी अकादमी, ग्वालियर से श्रीमती वन्दना उइके उपस्थित थी। टूर्नामेंट के दौरान मैच में रेफरी की भूमिका गीता लाखेरा, मनोज राठौड़ और अर्चना मांझी ने निभाई। हॉकी टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अमित भार्गव, प्रो. पवन श्रीवास्तव प्रभारी प्राचार्य, प्रो चैतन्य राजपूत, शैलेन्द्र शर्मा, डॉ. मुकेश गुर्जर एवं जिला खेल अधिकारी डॉ. के.के. खरे ने विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी की खेल अधिकारी डॉ.पूनम सिंह के साथ गजेन्द्र सिंह परिहार, छात्र-रत्नेश तिवारी और राहुल गोस्वामी द्वारा संभाग स्तरीय हॉकी महिला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

# बेहतर क्रिकेट खेलने के लिए अभ्यास की जरूरत : बेबी राजा

॥ खरगापुर



खरगापुर के नजदीक चौबारा माता चक्का गोई स्टेडियम में चल रहे। स्व. नन्हेलाल विश्वकर्मा की स्मृति में हो रहे शासन द्वारा मान्यता प्राप्त 11वें राज्य स्तरीय क्रिकेट के दूसरे दिन मुख्य अतिथि पूर्व बुंदेलखंड विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसदीय सचिव कुं. सुरेंद्र प्रताप सिंह बेबी राजा रहे। उन्होंने क्षेत्र से आई दोनों टीमों सहित क्रिकेट समिति को शुभकामनाएं दी और कहा बेहतर क्रिकेट खेलने के लिए बहुत ज्यादा अभ्यास की जरूरत होती है। इसलिए अगर आपको सफल क्रिकेटर बनना है। तो आपको रोजाना क्रिकेट का अभ्यास करना चाहिए इस खेल के लिए फुर्ती का होना जरूरी है। और फुर्ती आपके अंदर तभी आएगी जब आप कड़ा अभ्यास करते हो। टूर्नामेंट के आयोजन वर्ष समाज से भी हरिशंकर विश्वकर्मा ने मुख्य अतिथियों का शाल श्रीफल और मिमेंटो भेंट दी।

### कुंडेश्वर से सरकनपुर और खरगापुर से बुडेरा ने जीता मैच

पहले मुकाबले में कुंडेश्वर सरकनपुर के बीच खेला गया सरकनपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 227 रन बनाए डीके मिश्रा ने 9 चौका 9 छक्के की मदद से 97 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली और मैन ऑफ द मैच रहे। जिसके जवाब में कुंडेश्वर टीम ने 12 ओबर में 196 रन बना सकी। दूसरे मुकाबले में खरगापुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी कर 12 ओवरों में 154 रन बनाए बुडेरा ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में मेंच जीत लिया बटलर ने 54 रेनो की शानदार पारी खेली और मैन ऑफ द मेंच रहे। कल का मेंच देवपुर से पलेरा और गुलगंज से जतारा से खेला जाएगा

### जिलास्तीय महिला वर्ग खो - खो प्रतियोगिता का आयोजन

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय यूटीडी को हराकर शासकीय सरोजनी नायडू महाविद्यालय ने हासिल किया प्रथम स्थान



भोपाल। मध्यप्रदेश उच्चशिक्षा विभाग अंतरमहाविद्यालयीन जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन सेक्ट महाविद्यालय एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के परिसर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में पहले दिन महिला वर्ग खो - खो जिलास्तीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में भोपाल जिले के लगभग 10 महाविद्यालयो की टीम जिनके नाम सरोजनी नायडू, रीजनल कालेज, स्वामी विवेकानन्द, डॉ. श्यामाप्रसाद कालेज, एम. एल. बी., वी. एन. एस., एन. आर. आई., यू. टी. डी. ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के वाइस चान्सलर डॉ अजय भूषण एवं रजिस्ट्रार डॉ. सितेश सिन्हा के कर कमलो द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र खरे ने प्रतियोगिता में बाहर से आये विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि स्पोर्ट्स ऑफिसर उच्चशिक्षा विभाग डॉ. बी. एस. राय एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल एवं डॉ आलोक मिश्रा उपस्थित रहे। खो-खो महिला वर्ग प्रतियोगिता का फाइनल शासकीय महाविद्यालय सरोजनी नायडू एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (यू.टी.डी.) के बीच खेला गया, जिसमें शासकीय महाविद्यालय सरोजनी नायडू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा यू.टी.डी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## बाजार

### केंद्र सरकार के नए कानून से ड्राइवरों में खलबली

# भोपाल में 400 टैंकरों के थमे पहिए, पेट्रोल डीजल-एलपीजी की आपूर्ति होगी बाधित

। भोपाल



तेल और गैस कंपनियों के ड्राइवरों ने खड़े किए वाहन

रोड दुर्घटना के दौरान घायल को रोड पर ही छोड़कर फरार हो जाने के मामले में केंद्र सरकार ने नया एक्सीडेंट कानून लागू करने जा रही है। जिसमें चालक का 10 साल की सजा और 7 लाख का अर्थदंड का प्रावधान है। सरकार के इस कानून विरोध देशभर में शुरू हो गया है। जिसका असर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में दिख रहा है।

ट्रक ड्राइवर नए कानून से नाराज बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईओसीएल, रिलायंस बकानिया, भोपाल के 400 ट्रक और टैंकर ड्राइवरों ने गाड़ी चलाने से मना कर दिया है। जिससे चलते शनिवार की सुबह से शहर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति बाधित होगी। मध्यप्रदेश टैंकर वर्कर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल रहमान (राजा) और कोषाध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि ड्राइवरों द्वारा किए जा रहे आंदोलन के संबंध में एसोसिएशन द्वारा सभी कंपनियों के डिपो मैनेजर को ज्ञापन पत्र सौप कर अवगत करा दिया गया है। एसोसिएशन के अब्दुल रहमान और शौकत अली ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जो ड्रायवरों के विरूद्ध कानून लागू होने जा रहा है, उसमें 10 साल की सजा एक्सीडेंट होने पर व भारी जुर्माना का प्रावधान है। इस कारण सभी कंपनियों के टेंकर चालकों द्वारा टेंकर चलाने के लिए मना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह है कि इस कानून को वापस लिया जाए। एक्सीडेंट होने पर अगर ड्रायवर एक्सीडेंट वाली जगह पर रुकता है तो वहां की पब्लिक उसके साथ मारापीटी चालू कर देती है व कई जगहों पर तो एक्सीडेंट होने के पश्चात ड्रायवरों को जान से तक मार दिया। ड्रायवर अपनी जान बचाने के लिए मजबूरी में एक्सीडेंट वाली जगह से भागता है। शौकत अली ने कहा कि जब तक राज्य सरकार या केंद्र सरकार इस कानून के विषय में कोई निर्णय नहीं लेती, तो समस्त टेंकर चालकों ने यह निर्णय लिया है कि वो टेंकर नहीं चलाएंगे। लेकिन सरकारी विभाग जैसे नगर निगम,पुलिस विभाग, मिलिट्री, अस्पतालों के लिए आप टैंकर लोड कर सकते हैं, जिसमें टैंकर ड्रायवरों व यूनियन को कोई आपत्ति नहीं है।

# सुकन्या समृद्धि योजना में अब 8.2 फीसदी ब्याज

### तीन साल की एफडी पर भी 0.1 फीसदी बढ़ाया ब्याज

एजेंसी ॥ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की घोषणा की। सुकन्या समृद्धि योजना में 0.20 फीसदी और तीन साल के टाइम डिपॉजिट दरों में 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी की है। अन्य योजनाओं की दरों में बदलाव नहीं किया गया है।

सुकन्या स्कीम की पहले ब्याज दर आठ फीसदी और तीन साल के टाइम डिपॉजिट की ब्याज दर सात फीसदी थी। अब अगले तीन महीने के लिए सुकन्या स्कीम पर 8.20 फीसदी ब्याज दर, जबकि तीन साल के टाइम डिपॉजिट की ब्याज दर 7.10 फीसदी रहेगी। यह लगातार छठी तिमाही है, जब इन स्कीम्स की दरों में बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले 29 सितंबर को वित्त मंत्रालय ने अक्तूबर-दिसंबर के लिए रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) पर ब्याज दरों में 0.2 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। वित्त मंत्रालय ने स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में लगातार नौ तिमाहियों तक बदलाव नहीं किया था। इसके बाद अक्तूबर-दिसंबर 2022 से इसे बढ़ाना शुरू किया है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी परिपत्र के अनुसार, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर ब्याज दर मौजूदा आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 8.2 प्रतिशत कर दी गई है। तीन साल की सावधि जमा पर दर मौजूदा सात प्रतिशत से बढ़कर 7.1 प्रतिशत कर दी गई है।

हालांकि, पीपीएफ पर ब्याज दर 7.1 प्रतिशत और बचत जमा पर ब्याज दर चार प्रतिशत पर यथावत रखी गई हैं। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दरें समान थीं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत है। इसकी परिपक्वता अवधि 115 माह है। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर एक जनवरी से 31 मार्च 2024 के लिए 7.7 प्रतिशत पर यथावत रखी गई है। मासिक आय योजना के लिए ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह निवेशकों के लिए 7.4 प्रतिशत होगी. सरकार हर तिमाही में मुख्य रूप से डाकघरों द्वारा संचालित छोटी बचत योजनाओं पर देय ब्याज दरों को अधिसूचित करती है। रिजर्व बैंक ने मई, 2022 के बाद नीतिगत रेपो दर को 2.5 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था जिससे बैंकों को भी जमा पर ब्याज दरें बढ़ानी पड़ी हैं। हालांकि रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी से मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की लगातार पांच बैठकों में नीति दर पर यथास्थिति बनाए रखी है।

### सांची घी 40 रुपए रुपए हुआ सस्ता

**भोपाल।** सांची दुग्ध संघ ने लोगों को महंगाई में राहत दी है। सांची घी की कीमत में 40 रुपए प्रति किलो/लीटर की कमी की गई है। एक जनवरी से सभी पैक में समानुपातिक रूप से सांची घी सस्ता मिलेगा। सांची घी की सेल्स में बढ़ोतरी के लिए यह निर्णय लिया गया है। फैसले से नए साल में भोपाल,इन्दौर,उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, बुंदेलखंड में दुग्ध उत्पादक किसानों एवं ग्राहकों को राहत मिलेगी।

### आईआईएल का नई ग्रीनफील्ड पशु चिकित्सा वैक्सीन प्लांट शुरू

**नई दिल्ली।** जीवन रक्षक टीकों के निर्माण और आपूर्ति के लिए समर्पित भारत की अग्रणी जैव प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक, इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड (आईआईएल) ने फुट एंड माउथ डिजीज वैक्सीन (एफएमडी) के निर्माण के लिए अपनी नई ग्रीनफील्ड पशु चिकित्सा वैक्सीन प्लांट का हैदराबाद की जीनोम वैली में निर्माण शुरू कर दिया है जिसमे फुट एंड माउथ डिजीजतथा फुट एंड माउथ डिजीज प्लस हेमोरेजिक सेप्टिसीमिया वैक्सीन का उत्पादन किया जायेग। इस नई इकाई में औषधि पदार्थों के निर्माण के लिए बीएसएल3 सुविधा और औषधि उत्पादों- एफएमडी वैक्सीन और एफएमडी+एचएस वैक्सीन दोनों के उत्पादन के लिए फिल-फिनिश क्षमता होगी। प्रस्तावित प्लांट में प्रत्येक वर्ष एफएमडी वैक्सीन या एफएमडी+एचएस वैक्सीन प्रत्येक की 150-150 मिलियन खुराक की क्षमता है। लगभग 700 करोड़ रुपए के निवेश के साथ, प्रस्तावित प्लांट से 750 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

### श्रेष्ठ फिनवेस्ट बोर्ड ने दी 49 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू को मंजूरी

**नई दिल्ली।** श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने 2 रुपए के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों को जारी करने और आवंटित करने के माध्यम से धन जुटाने की मंजूरी दे दी है, जिसकी कुल राशि राइट इश्यू के आधार पर, 49 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगी, ऐसे नियमों और शर्तों पर, जो हमारी कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा तय किए जा सकते हैं, कंपनी के योग्य इक्विटी शेयरधारकों के लिए, रिकॉर्ड तिथि पर (बाद में अधिसूचित किया जाएगा), प्रावधानों के अनुसार, लागू विनियामक, वैधानिक अनुमोदन की प्राप्ति के अधीन। कंपनी ने वर्तमान1,17,00,00,000/- रुपए के, 2 रुपए प्रत्येक शेयर के अंकित मूल्य के, 58,50,00,000 इक्विटी शेयरों में विभाजित अधिकृत शेयर पूंजी को, 1,67,00,00,000/- रुपए के, 2 रुपये प्रत्येक शेयर के अंकित मूल्य के, 83,50,00,000 इक्विटी शेयरों में विभाजित अधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि को भी मंजूरी दे दी, और यह भी कि मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के खंड वी को तदनुसार बदल दिया जाएगा, और उपरोक्त राइट्स इश्यू के लिए विभिन्न मध्यस्थों की नियुक्ति की जाएगी।

### ब्रेनबीज सॉल्यूशंस ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड माताओं, शिशुओं और बच्चों के उत्पादों के लिए भारत का सबसे बड़ा मल्टी-चैनल रिटेलिंग प्लेटफॉर्म है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 18,160.00 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और शेयरधारकों की ओर से 54,391,592 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

### वारी एनर्जीज ने सेबी में पेश किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस

मुंबई। भारत में 12 गीगावॉट की सबसे बड़ी कुल स्थापित क्षमता के साथ सौर पीवी मॉड्यूल की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 30,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और 10 रुपए प्रत्येक के अंकित मूल्य वाले 3,200,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी के ऑफर फॉर सेल में वारी सस्टेनेबल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड जिसे पहले महावीर थर्माइक्विप प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था द्वारा 2,700,000 इक्विटी शेयर तक, चंदुरकर इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 450,000 इक्विटी शेयर और समीर सुरेंद्र शाह द्वारा 50,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

# घर खरीदी में देश के सबसे किफायती अहमदाबाद, पुणे और कोलकाता शहर

### मुंबई और हैदराबाद बने सबसे महंगे शहर

**मुंबई।** रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया की नवीनतम अफोर्डेबिलिटी इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद, पुणे और कोलकाता घर खरीदारों के लिए देश के सबसे किफायती शहर हैं, जबकि मुंबई और उसके बाद हैदराबाद सबसे महंगे शहर बना हुए हैं। किफायती आवास बाजारों की सूची में अहमदाबाद 21 प्रतिशत पर घरों के लिए ईएमआई अनुपात के साथ शीर्ष पर है। सरल शब्दों में इसका मतलब है कि अहमदाबाद में एक औसत परिवार को गृह ऋण की ईएमआई का भुगतान करने के लिए अपनी आय का 21 प्रतिशत खर्च करना होगा। अगले सबसे किफायती आवास बाजार पुणे और कोलकाता हैं, जिनमें ईएमआई अनुपात आय 24-24 प्रतिशत है। देश के सबसे महंगे आवासीय बाजार, मुंबई में सामर्थ्य सूचकांक में 2 प्रतिशत का सुधार देखा गया, जो 2022 में 53 प्रतिशत की तुलना में 2023 में 51 प्रतिशत हो गया। हैदराबाद देश का दूसरा सबसे महंगा आवासीय बाजार बना रहा, जिसका सामर्थ्य सूचकांक 2023 और 2022 दोनों के लिए 30 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहा, जबकि शहर में घर की कीमतों में 2023 में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 2022 के 29 प्रतिशत से सुधरकर 2023 में यह आँकड़ा 27 प्रतिशत हो गया। बेंगलुरु 2023 में 26 प्रतिशत के सामर्थ्य सूचकांक के साथ चौथा सबसे महंगा बाजार है।



# साउथ में जाह्नवी ने लगाई बड़ी छलांग

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की लोकप्रियता साउथ में धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। जूनियर एनटीआर के साथ तेलुगु फिल्म में डेब्यू के लिए जाह्नवी पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म का टाइटल फिलहाल एनटीआर 30 है। इसका निर्देशन कोराताला शिव करेंगे और इसके ब्लॉकबस्टर होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में चल रही है और जाह्नवी जल्द ही शूटिंग के लिए पहुंचने वाली हैं। इसी बीच चर्चाएं तेज हैं कि एक और दक्षिण भारतीय दिग्गज निर्देशक ने जाह्नवी कपूर से संपर्क किया है। अगर यह सही है तो वह एनटीआर 30 की शूटिंग के बाद अपनी दूसरी तेलुगू फिल्म भी साइन कर सकती हैं।

साउथ के मीडिया में जाह्नवी के लिए उत्साह बढ़ाने वाली खबरें हैं। कहा जा रहा है कि जूनियर एनटीआर के बाद उनकी अगली फिल्म के हीरो महेश बाबू या राम चरण हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि यह निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म है, जिसके हीरो का नाम अभी तय किया जाना है। फिलहाल जाह्नवी के किसी दूसरे प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन संकेत यही मिल रहे हैं कि तेलुगु फिल्म निर्माता जाह्नवी कपूर से काफी इंप्रेस हैं। यदि साउथ में अगर उन्हें काम मिलने लगा तो संभव है कि वह अपनी मां श्रीदेवी की तरह दक्षिण-भारतीय फिल्म उद्योग में अपनी जगह बना लें।

इस बीच 2018 में फिल्म धड़क के साथ बॉलीवुड में शुरुआत के बावजूद जाह्नवी अभी तक हिंदी के दर्शकों में विश्वास नहीं पैदा कर पाई हैं। धड़क के बाद घोस्ट स्टोरीज, गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल, रूही, मिली जैसी फिल्मों में वह दिखाई दीं थीं परंतु किसी फिल्म ने बड़ा कमाल नहीं किया। सच्चाई यही है कि कोरोना काल से ही बॉलीवुड की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो रही हैं। ऐसे में हिंदी फिल्मों के तमाम छोटे-बड़े सितारे इसे डूबता जहाज मान कर साउथ की फिल्मों में अपनी दिलचस्पी दिखाने लगे हैं। इनमें जाह्नवी कपूर भी शामिल हैं। जाह्नवी उन शुरुआती एक्टरों में हैं, जिन्होंने फ्लॉप होती बॉलीवुड फिल्मों के बीच अपने मीडिया साक्षात्कारों में सबसे पहले साउथ के लिए अपने 'दिल का प्यार' को सबके सामने प्रकट किया।

# नोरा ने फैंस के दिलों को किया बेकाबू

बॉलीवुड डीवा नोरा फतेही अपनी अदाकारी से ज्यादा अदाओं के लिए सुर्खियों का हिस्सा बनी रहती हैं। नोरा फतेही जब भी अपने ग्लैमरस लुक में नजर आती हैं, फैंस के दिलों पर छुरियां चला जाती हैं। लेकिन इस बार तो नोरा ने कैजुअल लुक से ही फैंस को इंप्रेस कर डाला है। नोरा फतेही बीती देर शाम क्यूट कैजुअल लुक में घर से निकली थीं।

बॉलीवुड की ग्लैमर क्वीन नोरा फतेही ऐसे तो अक्सर ही अपने फैशन सेंस के लिए लाइमलाइट में छाई रहती हैं। लेकिन इस बार नोरा फतेही ने स्टाइल के साथ किलर स्माइल का जादू भी फैंस के दिलों पर चलाया है। नोरा फतेही को बीती शाम पैपराजी ने स्पॉट किया था। पैपराजी के कैमरे के सामने नोरा ने कभी अदाओं का जादू तो कभी अपनी किलर स्माइल का कारनामा दिखाया।

नोरा फतेही बीती शाम ब्लैक कलर के टॉप के साथ व्हाइट कलर के क्यूट शॉर्ट्स और व्हाइट ही हुडी कैरी किए दिखाई दीं। व्हाइट क्यूट लुक के साथ नोरा फतेही ने व्हाइट-ब्लैक ब्रांडेड शूज कैरी किए थे। नोरा ने अपना कैजुअल लुक सटल मेकअप के साथ बालों को बीच से पार्टिशन देकर ओपन छोड़कर पूरा किया था। नोरा फतेही का यह कैजुअल लुक नेटीजन्स को खूब पसंद आ रहा है। नोरा फतेही ने पैपराजी के सामने कभी स्माइल करके तो कभी अपनी मदमस्त चाल दिखाकर खूब पोज किए। नोरा फतेही के लेटेस्ट लुक की फोटोज जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो ग्लैमर क्वीन स्ट्रीट डांसर 3 डी, थैंक गॉड, सत्यमेव जयते, रोर, एन एक्शन हीरो जैसी कई फिल्मों में अपनी अदाओं का जादू दिखा चुकी हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो नोरा फतेही दो बिग बजट फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिसमें से एक 100 परसेंट तो दूसरी मडगांव एक्सप्रेस बताई जा रही है।





# खुशी ने नो मेकअप बालों का बांधा जूड़ा

जोया अख्तर डायरेक्टेड द आर्चीज से बॉलीवुड डेब्यू करने के बाद खुशी कपूर खूब सुर्खियों का हिस्सा बनी हुई हैं। एक्टिंग डेब्यू के चर्चाओं के बीच खुशी कपूर नए साल से पहले बेहद ही कैजुअल अंदाज में स्पॉट हुई हैं। बीती शाम खुशी कपूर ब्लैक कलर की टी-शर्ट और ट्राउजर पहने अपने जिम के बाहर स्पॉट हुई थीं। नो मेकअप और ग्लैमरस ड्रेस के बिना भी खुशी कपूर बेहद खूबसूरत नजर आती हैं। बीती शाम खुशी कपूर को बेहद ही कैजुअल लुक में पैपराजी ने उनके जिम के बाहर स्पॉट किया था। इस दौरान खुशी कपूर ब्लैक कलर की प्रिंटेड टी-शर्ट और मैचिंग लोअर पहने नजर आईं। खुशी कपूर ने ऑल ब्लैक टी-शर्ट और ट्राउजर के साथ स्लीपर्स पहने थे। इतना ही नहीं खुशी कपूर ने बालों को बीच से पार्टिशन करके जूड़ा में बांधा था। नो मेकअप और नो ग्लैमरस के तड़के वाले इस लुक में भी खुशी कपूर खूब चमकती नजर आ रही हैं। फेमस फिल्ममेकर बोनी कपूर और दिग्गज एक्ट्रेस श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर ने हाल ही में बॉलीवुड में कदम रखा है। द आर्चीज से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वालीं खुशी कपूर के लेटेस्ट कैजुअल लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। खुशी कपूर अपनी पहली फिल्म के साथ-साथ विदांग राणा संग डेटिंग रूमर्स को लेकर भी बीते दिनों खूब सुर्खियों में रही हैं। लेकिन वेदांग राणा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया है कि वह दोनों कई स्तरों पर जुड़े हैं, म्यूजिक में उन दोनों का टेस्ट एक जैसा है। लेकिन लेकिन वह एक-दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो खुशी कपूर द आर्चीज से डेब्यू करने के बाद एक बिग बजट फिल्म में नजर आने वाली हैं।



# रिद्धिमा पंडित का चला जादू क्रॉप टॉप और लॉन्ग कट स्कर्ट में दिखा ग्लैमरस अंदाज

वायरल तस्वीरों में रिद्धिमा पंडित का ग्लैमर्स स्टाइल देखने को मिल रहा है। उनका यह लुक देखने में काफी अच्छा लग रहा है। फोटोज में एक्ट्रेस व्हाइट क्रॉप टॉप और ऑरेंज लॉन्ग कट स्कर्ट कैरी किए नजर आ रही हैं। तस्वीरों में रिद्धिमा का अंदाज कमाल का लग रहा है।

इसके अलावा रिद्धिमा न्यूड मेकअप में नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने अपने बालों को खुला रखा जो उनके लुक्स को काफी गोर्जस बना रहा है। उनके बालों में हल्का कर्ल नजर आ रहा है। उनका यह लुक काफी लाजवाब लग रहा है, जिसको आप भी पार्टी में कैरी कर सकते हैं।

रिद्धिमा ने अपने गले में एक हल्का नेक पीस पहना हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने अपने हाथों में एक व्हाइट कलर का ब्रेसलैट डाला हुआ है। इसके अलावा उन्होंने अपने हाथ में व्हाइट हैंडबैग कैरी किया है। रिद्धिमा का यह लुक उनके फैंस को काफी शानदार लग रहा है। साथ ही रिद्धिमा ने व्हाइट कलर की हाई हिल्ड कैरी कर रखी है और उनके पैर में एंकलेट भी नजर आ रही है, जो उनके लुक को प्यारा और खूबसूरत बना रही है। एक्ट्रेस की यह फोटो ब्रांदा की है। इसके अलावा भी उनके कई लुक्स सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं। बतौर मॉडल अपने करियर की शुरुआत करने वाली रिद्धिमा पंडित खूब भी सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। उनका इंस्टाग्राम उनके खूबसूरत और ग्लैमर्स स्टाइल वाली फोटो-वीडियो से भरा पड़ा है, जिनको फैंस खूब पसंद करते हैं और कैरी करने की चाह रखते हैं।

# काले कपड़े, आंखों पर बड़ा चश्मा, न्यू ईयर से पहले कुछ इस अंदाज में दिखी करिश्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर अपनी अदाकारी के साथ-साथ खूबसूरत अदाओं के लिए भी सुर्खियों का हिस्सा बनी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज से नेटीजन्स के दिलों को जीतने में कामयाब रही हैं। बीती शाम करिश्मा कपूर कैजुअल लुक में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई थीं। जहां से एक्ट्रेस के नो मेकअप लुक और स्माइल वाली फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।

करिश्मा कपूर वायरल फोटोज में व्हाइट कलर की टी-शर्ट पर ब्लैक स्वेटशर्ट और मैचिंग ट्राउजर पहने नजर आ रही हैं। करिश्मा कपूर का यह कैजुअल लुक काफी कोजी और कंफर्टेबल है।

करिश्मा कपूर ने ब्लैक आउटफिट के साथ बालों को बीच से पार्टिशन देकर ओपन छोड़ा है। साथ ही एक्ट्रेस ने नो मेकअप लुक के साथ पिंक लिपशेड कैरी किया है। करिश्मा कपूर का एयरपोर्ट लुक बेहद कूल है।

करिश्मा कपूर बीती शाम एयरपोर्ट पर कभी स्माइल के साथ तो कभी अपनी झुकी नजरों के साथ पैपराजी के कैमरों में कैद हुई हैं। करिश्मा की लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।

करिश्मा कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस एक लंबे समय से सिल्वर स्क्रीन पर नहीं दिखाई दी हैं। लेकिन हाल में करिश्मा ने ओटीटी डेब्यू डेंजरस इश्क के साथ किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो करिश्मा कपूर जल्द ही एक नए ओटीटी प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं।



# सामंथा ने 30 किलो का लहंगा पहन किया डांस

सामंथा रूथ प्रभू अब अपनी फिल्म शाकुंतलम को लेकर सुर्खियां बंटोर रही हैं। फिल्म की अब तक जितनी भी झलक दिखी है वो काफी मजेदार लग रही है। वहीं अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें सामंथा ने फैंस के साथ शेयर की है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर सामंथा ने बताया है कि फिल्म की शूटिंग उनके लिए आसान नहीं थी बल्कि इस दौरान उन्हें काफी चैलेंज का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 5 चुनौतियों का जिक्र इस वीडियो में किया है। सामंथा की शाकुंतलम इसी हफ्ते रिलीज होने जा रही है। 14 अप्रैल को इसे हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में 2डी और 3डी में देखा जा सकेगा। इस फिल्म से अल्लू अर्जुन की बेटी अरहा भी बतौर चाइल्ड एक्ट्रेस डेब्यू करने जा रही हैं।



# अंतर सदनीय खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दमखम

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्पोर्टस डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अंतर सदनीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत व खेल शपथ के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल को हमेशा पूरे उत्साह से खेलना चाहिए न कि हार जीत की भावना से। उन्होंने कहा कि ये प्रतिभागी ही भारत की संस्कृति की महक लेकर विश्व पटल पर अपना नाम ऊँचा करेंगे। समाज और देश को जोड़ने का कार्य जिसने किया है वो है खेल भावना। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी के कथन (खेलेगा इंडिया तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया) को सार्थक करते हुए कहा कि खेलेगा इंडिया खिलेगा इंडिया। देश को आगे बढ़ाने के लिए खेल जरूरी है जिससे देश सर्वागीण विकास हो सके।



कार्यक्रम में प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा-12 तक के छात्रों ने भाग लिया। उनके उत्साहवर्धन के लिए हूप ड्रिल, पैटर्न ड्रिल, मिकी माउस ड्रिल, मैडागस्कर और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे बच्चों ने ड्रिल व रेस में भाग लिया तो वहीं बड़े बच्चों ने 100 मीटर, 200 मीटर तथा 400 मीटर रेस और चक्का फेंक आदि प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य था कि छात्रों का पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी विकास हो। खेल के द्वारा उनका शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास हो जिससे वे अपने लक्ष्य के प्रति सजग हो जाए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में नवीन उत्साह देखा गया। प्रतियोगियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

स्कूल की प्रधानाचार्या महेंद्री देवी ने सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि अच्छा प्रतियोगी वह होता है जो निडर होकर प्रतियोगिता में भाग लेता है। सच्चा विजेता वही कहलाता है। इस दौरान समस्त स्कूल स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।

# रेल मंत्री की बड़ी घोषणा

# वर्ष-2030 तक खत्म हो जाएगा वेटिंग का झंझट

भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में



पहुंचकर एक बड़ी घोषणा कर दी है। रेल मंत्री ने कहा है कि वर्ष-2030 तक भारत की रेल में वेटिंग टिकट का झंझट खत्म हो जाएगा। यूपी के बस्ती जिले में एक कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय रेल मंत्री ने यह बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि हर साल उत्तर प्रदेश समेत देश के तमाम लोगों के लिए यह बड़ी खुशखबरी है कि वर्ष-2030 के बाद रेलवे में वेटिंग लिस्ट नहीं रहेगी। जो जब चाहे रेल की टिकट खरीदे और यात्रा कर सकता है।

## हर किसी को मिलेगा कंफर्म टिकट

आपको बता दें कि भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के दौरे पर थे। अपने इस दौरे के दौरान रेल मंत्री ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में खेल महाकुंभ के समापन समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश समेत देश भर में रेल सेवा के विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में रोजाना रेलवे की 14 किलोमीटर पटरी बिछाई जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में तीन हजार 700 किलोमीटर रेलवे लाइन बिछाई गई है। इसी गति से नई रेलवे लाइन बिछाकर वर्ष-2030 तक देश की रेल में वेटिंग लिस्ट का झंझट खत्म कर दिया जाएगा। वर्ष-2030 से देश के सभी नागरिकों को रेल का कंफर्म टिकट मिल जाएगा। रेलवे में वेटिंग लिस्ट की समस्या बीते दिनों की बात बनकर रह जाएगी।

## स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास

उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में बोलते हुए केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अब भारत में रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास (विश्व स्तरीय) बनाया जा रहा है। भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज, सहारनपुर तथा बस्ती जिलों के साथ ही साथ देश के 1300 रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास के स्टेशन बनाने की योजना पर पहले ही काम शुरू कर रखा है। जल्दी ही उत्तर प्रदेश सहित देश के 1300 रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास के स्टेशनों के रूप में नजर आने लगेंगे।

## रेलवे दुधारू गाय नहीं है

उत्तर प्रदेश के दौरे के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आरोप लगाया कि पहले की सरकारों ने रेलवे विभाग को दुधारू गाय समझकर अपनी निजी कमाई का साधन बना रखा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष-2014 से रेलवे में आमूल-चूल परिवर्तन किया गया है। पहले रेल मंत्रालय का बजट मात्र 35 हजार करोड़ रूपए का होता था। अब भारत के रेल मंत्रालय का बजट दो लाख 40 हजार करोड़ रूपए का हो चुका है। बजट का एक बड़ा हिस्सा देश के सबसे बड़े प्रदेश यानि उत्तर प्रदेश में खर्च किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में रेलवे ने उत्तर प्रदेश में रेल के विस्तार पर 17 हजार करोड़ रू0 खर्च किए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोर देकर कहा कि वर्ष-2030 भरतीय रेल सेवा के लिए ऐतिहासिक साल साबित होगा। वर्ष-2030 से रेल में वेटिंग लिस्ट वाला झंझट पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। हर किसी को कंफर्म टिकट मिलने लगेगा।

# जीएसटी से परेशान उद्यमी-व्यापारी समाधान तलाशे सरकार

**नोएडा (चेतना मंच)।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू हुए छह साल हो चुके हैं, अभी भी उद्यमी-व्यापारियों की दुश्वारियां कम नहीं हो पाई हैं। लघु उद्योग भारती नोएडा के पूर्व महासचिव सत्यवीर सिंह ने राज्य जीएसटी विभाग की एडिशनल कमिश्नर अदिति दुहान को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या को प्रमुखता से उठाया।

लघु उद्योग भारती नोएडा के पूर्व महासचिव सत्यवीर सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि उद्यमी-व्यापारियों को 2017-18 में पोर्टल के माध्यम से टैक्स में अंतर के नोटिस जारी किए जा रहे हैं। पोर्टल पर किसी नोटिस का रिप्लाई देने के लिए जो समय प्रदान किया जाता है और उसके अगले दिन पोर्टल बंद कर दिया जाता है। जीएसटी जुलाई 2017 से लागू की गई थी। नवीन कर प्रणाली के संबंध में पूर्ण जानकारी उद्यमियों एवं व्यापारियों को नहीं थी। साथ ही, अधिकारियों एवं कर विशेषज्ञों को भी पूर्ण जानकारी नहीं थी। इसके साथ ही जीएसटी के नियमों में अनेकों बार बदलाव किए गए। ऐसी विषम परिस्थितियों में न्यूनाधिक कमियां होना स्वाभाविक था। जबकि उद्यमियों का किसी भी कर देयता से बचने का कोई आशय नहीं था। परंतु इतने वर्षों के उपरांत अब नोटिस जारी करना न्याय संगत नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग उठाई कि वर्ष 2017-18 के लिए सुधार के लिए एक और मौका दिया जाए। दंड, अपराध और पेनाल्टी के प्रावधानों को खत्म किया जाए। 10 हजार रुपये तक अगर कोई देयता बनती है तो पेनाल्टी के स्वरूप को खत्म किया जाए। देयता बनती है तो एफडी पर दिए जाने वाले ब्याज के अनुरूप ही ब्याज दर निर्धारित की जाए। उद्यमी-व्यापारियों की गलतियों को दंड, पेनाल्टी अपराध में समायोजित नहीं किया जाना चाहिए। उद्यमिता-व्यापार देश की अर्थव्यवस्था का आधार है, इसको संजो कर रखा जाए ना कि ध्वस्त करने का काम किया जाए। जीएसटी को व्यापारी वर्ग ने सहर्ष स्वीकार किया है तो उद्यमी-व्यापारी हित में गलतियों का समाधान सरकार को खोजना चाहिए। सरकार को अपनी कथनी और करनी में फर्क नहीं करना चाहिए।

# डीएम के आदेश पर नोएडा में शुरू किया गया एक अनोखा अभियान

**नोएडा (चेतना मंच)।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के आदेश पर उनके ही नेतृत्व में परिवहन विभाग ने एक अनोखा अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मकसद आम से लेकर खास नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षण है। नोएडा के परिवहन विभाग ने रविवार, 31 दिसंबर को प्रत्येक व्यक्ति से अपने व्हाट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया अकाउंट्स पर स्टेटस के रूप में हर सफर में सड़क सुरक्षा व हर हर घर सड़क सुरक्षा स्लोगन लगाने की अपील है।



आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा की भांति हर सफर में सड़क सुरक्षा व हर घर सड़क सुरक्षा स्लोगन वाले क्रिएटिव को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन दिवस 31 दिसंबर 2023 को प्रत्येक व्यक्ति के व्हाट्सएप सहित अन्य सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर स्टेटस के रूप में लगाए जाने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है, जिसमें कमी लाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। जन सामान्य को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति समय-समय पर विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह, पखवाड़ा एवं माह का आयोजन करते हुए प्रचार प्रसार कर यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया जाता है।

उन्होंने नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे जनपद के वासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन दिवस 31 दिसंबर 2023 को अपने व्हाट्सएप सहित अन्य सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर हर सफर में सड़क सुरक्षा व हर घर सड़क सुरक्षा स्लोगन को लेकर क्रिएटिव स्टेटस के रूप में लगाये, ताकि अधिक से अधिक आम जनमानस सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सके।

# बेरोजगार महिलाओं को ई-रिक्शा देगी उत्तर प्रदेश सरकार, महिलाएं होंगी मालामाल



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी सरकार हर रोज कोई न कोई बड़ी योजना घोषित कर रही है। सरकार ने एक और नई घोषणा कर दी है। इस घोषणा के मुताबिक उत्तर प्रदेश की बेरोजगार महिलाओं को उनके पैरों पर खड़ा करने के लिए फ्री में ई-रिक्शा खरीदकर दी जाएगी। ई-रिक्शा चलाकर उत्तर प्रदेश की महिलाएं स्वावलंबी बन सकेंगी। यही नहीं ई-रिक्शा चलाकर बेरोजगार महिलाएं खूब पैसा कमा कर मालामाल हो सकेंगी।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश की 20 हजार महिलाओं को ई-रिक्शा देने का फैसला किया है। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना है कि प्रदेश के हर जिले से 250 बेरोजगार माता-बहनों (महिलाओं) का चयन करके उन्हें ई-रिक्शा प्रदान की जाए। ई-रिक्शा देने से पहले उत्तर प्रदेश की सभी चयनित 20 हजार महिलाओं को ड्राईविंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा उनके ड्राईविंग लाईसेंस बनवाए जाएंगे। उसके बाद उन्हें बेहद सस्ती ब्याज दरों पर बैंक से लोन दिलवाकर ई-रिक्शा खरीदकर भेंट की जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म तथा लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने यह घोषणा की है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश की बहन-बेटियों के लिए खास योजना शुरू की गयी है।

उत्तर प्रदेश के लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि स्व-रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम (कुल 60 दिवसीय ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम) के तहत हर जिले में 250 कामकाजी उद्यमी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ई-रिक्शा ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत प्रदेश में लगभग 20,000 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षित महिलाओं को ई-ऑटो रिक्शा हेतु आरटीओ कार्यालय से समन्वय स्थापित कर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में सहायता भी प्रदान की जाएगी।

लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि प्रशिक्षित महिलाओं को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत प्रदेश के समस्त राष्ट्रीयकृत बैंको से न्यूनतम दरों पर ऋण/लोन उपलब्ध कराने की सुविधा दी जायेगी। देश में सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य होगा जहाँ पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में एक वृहद स्तर पर महिलाओं को सबल, सुरक्षित एवं सशक्त (आत्मनिर्भर) बनाने का कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस योजना पर काम शुरू कर दिया है।

# दादरी में बंद नहीं होगा अतिक्रमण हटाओ अभियान : दीपिका

**दादरी (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा से सटे दादरी की नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी (EO) श्रीमती दीपिका शुक्ला ने कहा कि दादरी नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान बंद नहीं होगा। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।




नगर पालिका परिषद की ईओ श्रीमती दीपिका शुक्ला ने शनिवार को बताया कि नगर पालिका परिषद दादरी सीमांतर्गत जीटी रोड, रेलवे रोड, घनश्याम रोड, जारचा रोड, बिसाहड़ा रोड पर अस्थायी अतिक्रमण हटाये जाने का अभियान उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर 2023 से 23 दिसंबर 2023 तक अस्थायी अतिक्रमण हटाने का लगातार अभियान चलाया गया था, जिसके तहत जुर्माना भी वसूला गया था, किन्तु इसके बावजूद जीटी रोड, रेलवे रोड, घनश्याम रोड, जारचा रोड, बिसाहड़ा रोड पर नोन वेडिंग जोन में अतिक्रमण कर किया गया है। जिसकी वीडियो व फोटोग्राफी पालिका द्वारा कराई गई है।

ईओ ने बताया कि अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अवैध रूप से सरकारी नाली-नालों के आगे अवैध रूप से तख्त, ठेली पटरी व अन्य अवैध अस्थायी अतिक्रमण (नोन वेडिंग जोन) में किया गया है, जिन्हें 2 जनवरी 2024 से 6 जनवरी 2024 तक विशेष अभियान चलाकर हटाने की कार्रवाई की जायेगी एवं इनके विरूद्ध सम्बंधित थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

दुकानों पर पॉलिथिन पाये जाने पर 25,000 रुपये तक का जुर्माना शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। जिन दुकानदारों पर पॉलिथिन पाया जायेगा उन पर जुर्माना एवं चालान की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

